मौसम
अधि. 32.3
न्यून. 15.2

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 नासा के फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों नए दल का अंतरिक्ष स्टेशन में स्वागत किया

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : मार्च
दिनांक : 17 मार्च 2025

अंत्योदय की भावना 'नायाब' बजट पेश करेंगे नायब

# बजट आज : युवाओं, किसानों, महिलाओं व रोजगार पर रहेगा फोकस, सीएम सैनी बतौर वित्त मंत्री अपना पहला बजट पेश करेंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को बतौर वित्तमंत्री अपना पहला बजट पेश करेंगे। बजट सत्र की कार्यवाही सोमवार को दोपहर दो बजे से शुरू होगी। इस बार बजट का थीम 'महिलाओं को बिग गिफ्ट' रखा गया है। सैनी अंत्योदय की भावना और केंद्रीय बजट की तर्ज पर गरीब कल्याण वाला बजट पेश करेंगे। इस बार के बजट में किसान, महिलाएं और युवा वर्ग को फोकस कर कुछ खास घोषणा करने की तैयारी है। यह बजट करीब 2 लाख करोड़ का हो सकता है। बजट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### ये मिल सकती हैं सौगातें

- सीएम ने एनसीआर क्षेत्र में पड़ने वाले 14 जिलों को लॉजिस्टिक हब के तौर पर विकसित करने का दावा किया था। नारनौल-महेंद्रगढ़ इंटीग्रेटिड मॉडल हब पर होमवर्क हो चुका है।
- महेंद्रगढ़ में डिफेंस एयरो स्पेस और पंचकूला में फिल्म सिटी के लिए खास प्रावधान रखे जाने की उम्मीद है।
- मेवात में नई सशस्त्र पुलिस बटालियन का वादा भी इस बार पूरा करने की तैयारी है। राज्य में युवाओं को रोजगार, पशुधन पालकों और किसानों, महिलाओं सभी के लिए बजट में लुभावनी घोषणा संभव।
- पशुओं की बीमा के लिए मदद करने, कृषक समूहों और पैक्स को गोदामों के निर्माण के लिए एक करोड़ के ऋण दिलाने जैसे विषय भी बजट में शामिल रहेंगे।



- दोपहर दो बजे से शुरू होगी सदन की कार्यवाही
- बजट का थीम 'महिलाओं को बिग गिफ्ट' रखा गया
- महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा पूरा होगा
- महिलाओं को 500 रुपये में मिल सकत है सिलेंडर
- 5 वर्ष के कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों की घोषणा करेंगे
- हर साल औसतन 40,000 युवाओं को मिलेगी नौकरी
- लगभग 2 लाख करोड़ का हो सकता है प्रदेश बजट
- लखपति दीदी और ब्याज मुक्त लोन के लिए प्रावधान
- किसानों के लिए अलग से हो सकता है बड़ा ऐलान

### लाखों आवास देने का वादा

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पांच लाख आवास देने संबंधी अपने वादे को पूर्ण करने के लिए भी सरकार बजट का प्रावधान कर सकती है। अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी के लिए बजट में प्रावधान होगा।

### 2 लाख करोड़ का बजट होगा

पिछले साल 1 लाख 89 हजार करोड़ बजट पेश किया था। उसके पहले के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक था। इस बार मुख्यमंत्री नायब सैनी करीब 2 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश कर सकते हैं।

### पेंशन राशि में इजाफे की तैयारी

सरकार अपने वादे के मुताबिक बुजुर्ग पेंशन के अलावा डीए और पेंशनों को जोड़ने वाले साइंटिफिक फार्मूले के आधार पर सामाजिक मासिक पेंशनों में वृद्धि की घोषणा भी कर सकती है। राज्य में लगभग 32 लाख लोगों को तीन हजार मासिक के हिसाब से सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। कॉलेज मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले ओबीसी और एससी छात्रों को सरकार पूर्ण स्कालरशिप देने के लिए बजट की व्यवस्था इस बार करने जा रही है।

### सर्व कल्याण की भावना वाला बजट

साल 2025-26 का बजट समावेशी और सर्व कल्याण की भावना पर आधारित होगा। बजट में विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र के रूप में राज्य की जनता से किए हैं। मुख्यमंत्री लगभग छह माह के कार्यकाल में संकल्प पत्र के 19 वादों को पूरा कर चुके हैं। 14 वादों को पूरा करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले 217 वादों का संकल्प पत्र जारी किया और कहा गया था कि पांच साल में पूरा किया जाना है।

### 18 से 20 तक बजट पर चर्चा

विधानसभा में 17 मार्च को मुख्यमंत्री राज्य का बजट पेश करेंगे। लगातार तीन दिन यानी 18 से 20 मार्च तक बजट पर चर्चा होगी। 21 और 22 मार्च को बजट अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। 23 को अवकाश रहेगा। 24 और 25 मार्च को अनुदान मांगें रखी जाएंगी। जबकि 26 मार्च को विधानसभा की विभिन्न समितियों की रिपोर्ट सदन में रखी जाएंगी।

## संगीतकार एआर रहमान को अस्पताल से छुट्टी मिली



चेन्नई(भाषा)। संगीतकार ए आर रहमान को शरीर में पानी की कमी के कारण रविवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी हालत ठीक है। उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। रहमान के परिवार ने यह जानकारी दी। रहमान के प्रबंधक सेंथिल वेलन ने बताया कि रहमान (58) को रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# पाक फौज पर फिदायीन हमला बीएलए का दावा-90 सैनिक मारे

## क्वेटा में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सेना के काफिले से भिड़ाई

एजेंसी ▶▶| क्वेटा (पाकिस्तान)

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमला कर दिया। बीएलए ने दावा किया कि हमने इस हमले में 90 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। यह हमला क्वेटा से ताफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वह पूरी तरह तबाह हो गया। हालांकि पाक सेना ने कहा है कि आतंकवादी हमले में तीन सुरक्षाकर्मियों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 जवान घायल हो गए। हमले में तीन आतंकवादी भी मारे गए हैं। बता दें कि इससे पहले बीएलए ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया था।

**पाक के ग्वादर कोस्ट गार्ड पर भी हमला :** सेना के वाहनों के बाद बलूचिस्तान में रविवार देर रात ग्वादर कोस्ट गार्ड पर भी बीएलए ने हमला कर दिया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों और बीएलए के आतंकियों के बीच काफी देर तक फायरिंग होती रही। बीएलए के लड़ाके हथियारों के साथ कोस्ट गार्ड के अंदर घुस गए और हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि बीएलए के साथ कुछ और संगठन भी इस हमले में शामिल हो सकते हैं।



### पाक पुलिस ने कहा, हमारे 3 सैनिक और 2 लोग मारे गए

हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है, जिसने पिछले सप्ताह यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर कब्जा कर यात्रियों को बंधक बना लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमले की जगह से मिले साक्ष्यों से पता चलता है कि आत्मघाती हमलावर ने नोश्की-दलबंदिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर विस्फोटकों से लदे वाहन से अर्धसैनिक बल 'फ्रंटियर कॉर्प' (एफसी) के काफिले को टक्कर मार दी। 'विस्फोट के बाद, कुछ अन्य आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी की, लेकिन जवाबी गोलीबारी में उनमें से दो मारे गए। दो नागरिक और तीन सैनिक भी मारे गए।'

**तीस जवान घायल**

नोश्की के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हाशिम मोमंद ने बताया कि विस्फोट बहुत तीव्र था। इसमें अर्धसैनिक बल के 30 जवान घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय पुलिस थाने के प्रमुख जफरुल्लाह सुमालानी ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

अमेरिकन एआई रिसर्चर के पॉडकास्ट में बोले मोदी

# पाकिस्तान ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता व विश्वासघात से दिया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने रविवार को अमेरिकन एआई रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ 3 घंटे का पॉडकास्ट (इंटरव्यू) रिलीज किया। इसमें मोदी ने कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, लेकिन शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से मिला। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि पाक को अब जल्द सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा।' मोदी ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं। पीएम ने कहा, 'इसने दुनिया को शांति और सद्भाव के लिए भारत की प्रतिबद्धता के बारे में एक स्पष्ट संदेश भेजा, लेकिन हमें वांछित परिणाम नहीं मिले।' (पेज 7 भी देखें)



उम्मीद है पाक को जल्द सद्बुद्धि आएगी, मैंने अपने शपथ समारोह में पाक को आमंत्रित किया था

### पहला प्रयास सद्भावना का संकेत था

मोदी ने कहा, द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का उनका पहला प्रयास सद्भावना का संकेत था।'यह कूटनीतिक कदम था, जो दशकों में नहीं देखा गया। जिन लोगों ने कभी विदेश नीति के प्रति मेरे दृष्टिकोण पर सवाल उठाया था, वे उस समय अचंभित रह गए, जब उन्हें पता चला कि मैंने दक्षेस देशों के सभी राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया और हमारे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपने संस्मरण में उस ऐतिहासिक भाव को खूबसूरती से कैद किया है।' यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की विदेश नीति कितनी स्पष्ट और आश्वस्त हो गई है।

उत्तर मेसेडोनिया हादसा

## नाइट क्लब में आग से 51 की मौत, सौ जख्मी

स्कोप्जे (एपी)। उत्तर मेसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी के नाइट क्लब में शनिवार देर रात लगी आग में 51 लोगों की मौत हो गई। वहीं, लगभग 100 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने यह जानकारी दी। तोशकोवस्की ने बताया कि आग देर रात 2:35 बजे एक स्थानीय पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। उन्होंने कहा कि क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी की जिससे आग लग गई। परिवार के सदस्य अस्पतालों व कोकानी में कार्यालयों के सामने एकत्र होकर अधिकारियों से इस संबंध में अधिक जानकारी देने की गुहार लगा रहे हैं।




जालंधर में यूट्यूबर के घर ग्रेनेड अटैक

## होशियारपुर में मिली धमकी पाक कनेक्शन सामने आया

पाकिस्तान के भट्टी गैंग ने वीडियो जारी कर ली जिम्मेदारी

कहा, इस बार बच गया, हम फिर हमला करेंगे

चंडीगढ़ (भाषा)। जालंधर में यूट्यूबर रोजर संधू के आवास पर रविवार को ग्रेनेड से हमला किया गया। घटना के बाद से दो वीडियो सामने आए हैं, जिनमें से एक में पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी दावा कर रहा कि उसने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने पर यूट्यूबर पर हमला किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि अज्ञात लोगों ने पंजाब के जालंधर जिले के मकसूदां स्थित संधू के आवास पर ग्रेनेड जैसी वस्तु फेंकी।

# अंबाला: 300 फर्जी किसानों के नाम सब्सिडी खा गए सेल्समैन

अंबाला/बराड़ा(हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा बीज विकास निगम (एचएचडीसी) में फर्जीवाड़े पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने कार्रवाई करते हुए निगम के दो सेल्समैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला वर्ष 2020-21 के दौरान किसानों को सब्सिडी पर दिए गए गेहूं के बीज से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि किसानों के नाम पर ज्यादा मात्रा में बीज बिक्री दर्शाई गई। कई फर्जी किसानों के नाम पर बीज बेच दिया गया। इस हेराफेरी के जरिए सब्सिडी का गबन किया गया और सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। टीम ने जांच में पाया कि जिले के 3 बीज बिक्री केंद्रों अंबाला, बराड़ा और नारायणगढ़ के माध्यम से गेहूं का बीज वितरित किया था, लेकिन रजिस्टर में फर्जी किसानों की एंट्री कर अधिक बीज बिक्री को दिखाया। एसीबी ने नारयणगढ़, बराड़ा, उगाला, सोहाता गांव के किसानों के बयान लिए तो पता चला कि उनके नाम पर रजिस्टर में दर्ज बीज की संख्या गलत थी। नारयणगढ़ में 51, बराड़ा में 250 किसान ऐसे मिले, जिनके नाम पर फर्जी बीच बिक्री की गई।

### बीज बिक्री घोटाले में इन कर्मचारी पर केस

मामले में बराड़ा बीज बिक्री केंद्र के सेल्समैन महेंद्र कुमार और नारायणगढ़ बीज बिक्री केंद्र के सेल्समैन गोपाल शर्मा दोषी पएग गए हैं। दोनों पर रिकॉर्ड में जानबूझकर गलत एंट्री, धोखाधड़ी और गबन करने का आरोप है। दोनों कर्मचारियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान अन्य अधिकारियों या कर्मचारियों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जाएगी।

**सुविधा** बीमारियों के जांच के साथ कई रोगों पर रिसर्च करने में मिलेगी मदद

*मंत्री विज बोले, चार एकड़ में बन रही लैब, जल्द शुरू होगी जांच, इस रिसर्च सेंटर से हरियाणा और देश के लोगों को होगा फायदा*

# अंबाला में 17 करोड़ की लागत से तैयार हो रही एनसीडीसी लैब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार को अंबाला छावनी के नग्गल में बनाई जा रहे राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) का मुआयना किया। इस मौके पर उनहोंने बतासा कि यहां 17 करोड़ रुपये से प्रयोगशाला बनाई जा रही है। इसमें जहां विभिन्न रोगों से संबंधित टेस्ट की सुविधा मिलेगी, वहीं, बीमारियों पर रिसर्च भी होगी। इससे देश और दुनिया के लोगों को फायदा मिलेगा। यह प्रयोगशाला चार एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है। यहां सभी तरह के वैज्ञानिक बैठेंगे जो रिसर्च व टेस्टिंग करेंगे।

### इन राज्यों को फायदा

इस लैब से आसपास के सात राज्यों को लाभ होगा। इन राज्यों के लोगों को टेस्ट के लिए दिल्ली या पूना की प्रयोगशालाओं में नहीं जाना पड़ेगा। इससे हरियाणा के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू, पंजाब, राजस्थान, पश्चिमी उत्तरी पूर्वी यूपी के लोगों को फायदा होगा। प्रयोगशाला निर्माण के पहले फेज के तहत यहां पर कार्य चल रहा है जोकि जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद यहां चार एकड़ में मुख्य बिल्डिंग बननी है। एनसीडीसी के प्रावधानों के तहत लैब बनाई जाएंगी और सीपीडब्ल्यूडी इसपर कार्य कर रही है।



### नई बीमारियों का पता लग सकेगा

एनसीडीसी शाखा में इबोला वायरस रोग (2014), महामारी इन्फ्लुएंजा ए एच1एन1 (2009-10), सार्स प्रकोप जैसी नई संक्रामक बीमारियों का पता लगाने, नियंत्रित करने और रोकने में मदद करेंगी। यहां डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए व ई, चिकनपॉक्स व खसरा जैसी बीमारियों का पता चलेगा।

**इसलिए निर्माण :** अंबाला छावनी में लैब का निर्माण इसलिए हुआ है, क्योंकि यह हवाई, रेलवे जंक्शन व रोड नेटवर्क से अच्छी तरह से जुड़ा है। अटल कैंसर देखभाल केंद्र, सिविल अस्पताल छावनी और तीन मेडिकल कॉलेज नजदीक है, जहां से नियमित नमूने लिए जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### फाउंडेशन ने 156वां अन्न भंडारा लगाया

**पंचकूला।** गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) श्री श्याम करुणा फाउंडेशन ने पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र के फेज 1 में अपना 156 वां 'अन्न भंडारा' आयोजित किया। पंचकूला के प्रमुख समाजसेवी और श्री श्याम करुणा फाउंडेशन के संस्थापक अमिताभ रूंगटा की देखरेख में मोबाइल वैन से लोगों को भोजन का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर रूंगटा ने कहा कि हम हर सप्ताह भंडारा लगाते हैं, इससे हमें संतुष्टि मिलती है और हम जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन खिला पाते हैं। हालांकि, केवल भंडारा लगाना ही मानवता की सेवा करने का एकमात्र तरीका नहीं है, बल्कि समाज की सेवा के लिए अन्य गतिविधियां भी की जा सकती हैं।

### उद्योगपतियों को विशेष पैकेज दे सरकार : गर्ग

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने व्यापारी व उद्योगपतियों से हरियाणा के वार्षिक बजट पर विचार करने के उपरांत कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जो वित्त मंत्री के पद पर भी है उनसे मांग की है कि 17 मार्च 2025 को हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों को विशेष पैकेज देना चाहिए और प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा रियायतें देने का काम करना चाहिए ताकि हरियाणा में उद्योग जो नुकसान में चल रहे है, उस से राहत मिल सके जबकि सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश में लगातार व्यापार व उद्योग कम होते जा रहे है।

### मुझे भेंट किए फूलों से खाद बनेगी : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के 15 मार्च को जन्मदिन के अवसर पर उन्हें हजारों लोगों द्वारा भेंट किए गए फूलों के गुलदस्तों का सार्थक उपयोग करते हुए उसकी खाद और अगरबत्ती बनाई जाएगी। ऊर्जा और परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि "मेरे जन्मदिन पर लोगों ने इतनी बड़ी संख्या में प्यार के गुलदस्ते भेंट किए थे, हम नहीं चाहते कि यह फूल सड़कों पर गिरे, इन फूलों की खाद और अगरबत्ती बनाने के लिए इन्हें हर साल दिया जाता है, कैंटोनमेंट बोर्ड में खाद बनाने की नई मशीन लगी है, खाद बनने के बाद ये पौधों में डाली जाएगी जिससे फूल खिलेंगे और मुस्कान बिखेरते रहेंगें।

### खनिज के अवैध परिवहन करने पर हो रही कार्रवाई

**चंडीगढ़।** खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस के सहयोग से जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा पिछले दो दिनों में 555 वाहनों की चैकिंग के दौरान दो वाहनों के चालान कर 6.35 लाख रुपए की पेनल्टी एवं रॉयल्टी वसूली की कार्रवाई की। खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस को साथ लेकर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम छुट्टियों के दिनों में भी फील्ड में रही।

### अच्छा आचरण शरीर स्वस्थ रखने में सहायक : कोठारी

**चंडीगढ़।** भाजपा द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम राष्ट्रीय निर्माण संवाद श्रृंखला की पांचवी कड़ी में जिला मुख्यालय पंचकमल में राजनीति और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर डॉक्टर रोहित कोठारी, मनोचिकित्सक (एमबीबीएस, डीएनबी) ने अपना व्याख्यान दिया। डॉ. रोहित कोठारी ने कहा कि राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में अपना सर्वोत्तम देने के लिए हमें शारीरिक और मानसिक तौर पर पूरी तरह स्वस्थ रहना बहुत ही जरूरी है।

### जिलाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया तेज, आज 27 जिलों की लिस्ट जारी करने की तैयारी

# निकाय चुनाव जीत के बाद संगठन को और मजबूत करने में जुटी भाजपा, 15 नए जिलाध्यक्ष चुने जाएंगे

- भाजपा ने संगठन की दृष्टि से हांसी, गोहाना, डबवाली, बल्लभगढ़, गुरुग्राम महानगर को भी जिला बनाया
- कुछ जिलाध्यक्ष सक्रिय नहीं होने के कारण पार्टी के रडॉर पर
- जिलों में सर्वसम्मति से ही जिलाध्यक्ष का फैसला होगा लगभग तय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

शहरी स्थानीय निकायों-नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं के चुनावों में फतेह पाने के बाद अब भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इस क्रम में सबसे पहले जिलाध्यक्ष बनाए जाएंगे। जिलाध्यक्ष पद के इच्छुक नेताओं से शनिवार को आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन के लिए रविवार दोपहर दो बजे तक का ही वक्त दिया गया है। आवेदन आने के बाद उनकी छंटनी भी कर दी जाएगी।

सोमवार को 27 जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी हो सकती है। करीब पंद्रह जिलों में नये जिलाध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। जिलाध्यक्ष पद के इच्छुक नेताओं को जिला कार्यालयों में ही आवेदन करने को कहा गया था। पार्टी के हरियाणा मामलों के प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया की देखरेख में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रदेशाध्यक्ष पद का फैसला होगा। जिलाध्यक्ष ही पार्टी प्रधान चुनेंगे। माना जा रहा है कि मोहनलाल बड़ौली को एक बार फिर प्रदेशाध्यक्ष बनाया जा सकता है।

जिला कार्यालयों में चुनाव अधिकारी मौजूद रहे। रेवेन्यू के हिसाब से प्रदेश में 22 जिले हैं, लेकिन भाजपा के संगठन में जिलों की संख्या 27 है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि मौजूदा जिलाध्यक्षों में से कुछ नेताओं को प्रदेश संगठन में जगह दी जा सकती है। इतना ही नहीं, कुछ ऐसे जिलाध्यक्ष भी हैं, जो अधिक सक्रिय नहीं होने की वजह से पार्टी के रडॉर पर थे। इनकी छुट्टी करके उनकी जगह नये चेहरों को मौका मिलने की प्रबल संभावना है। भाजपा की प्रदेश चुनाव अधिकारी और हरियाणा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने शनिवार की देर रात पत्र जारी कर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने की अपील की थी। अर्चना गुप्ता ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि जिलाध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया सोमवार तक पूरी करके घोषणा कर दी जाएगी। बेशक, संगठनात्मक चुनाव चल रहे हैं लेकिन जिलाध्यक्ष पद के लिए कहीं भी मतदान की स्थिति आने के आसार नहीं हैं। प्रदेश के अधिकांश जिलों में सर्वसम्मति से ही जिलाध्यक्ष का फैसला होगा लगभग तय है।



**रोहतक।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में पहुंचने पर संदीप जोशी का स्वागत करते पदाधिकारी।

### संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा ने 27 जिले बनाए : बड़ौली



मोहन लाल बड़ौली

चंडीगढ़। निकाय चुनाव के तुरंत बाद भाजपा ने संगठन विस्तार प्रक्रिया को तेज कर दिया है। भाजपा ने जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ-साथ संगठनात्मक दृष्टि से प्रदेश में पांच जिले और बढ़ा दिए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 22 जिले हैं, लेकिन संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा ने 27 जिले बनाए हैं जिनमें हांसी, गोहाना, डबवाली, बल्लभगढ़, गुरुग्राम महानगर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में भाजपा के 27 जिला अध्यक्ष होंगे। बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में संगठनात्मक दृष्टि से जिला बढ़ाने पर कहा कि इससे काम का बंटावारा भी ठीक हो जाएगा और अधिक कार्यकर्ताओं को काम करने का मौका मिलेगा।

### चुनाव करवाने के लिए इन्हें दी जिम्मेदारी

| | |
|---|---|
| पंचकूला | कमलेश ढांडा (पूर्व मंत्री) |
| अंबाला | कंवरपाल गुर्जर (पूर्व मंत्री) |
| यमुनानगर | असीम गोयल (पूर्व मंत्री) |
| कुरुक्षेत्र | डॉ. बनवारी लाल (पूर्व मंत्री) |
| कैथल | रवि बतान |
| करनाल | ज्ञानचंद गुप्ता |
| पानीपत | मीना चौहान |
| सोनीपत | अशोक गुर्जर, प्रदीप जैन |
| जींद | कविता जैन (पूर्व मंत्री) |
| रोहतक | संदीप जोशी |
| झज्जर | बिशंबर वाल्मीकि (पूर्व मंत्री) |
| सिरसा | जवाहर सैनी |
| हिसार | सीमा त्रिखा, सुनीता दांगी |
| फतेहाबाद | आशा खेदड़ |
| भिवानी | संजय सिंह (पूर्व मंत्री) |
| दादरी | राजबाला एडवोकेट |
| रेवाड़ी | जेपी दलाल (पूर्व मंत्री) |
| महेंद्रगढ़ | डॉ. कमल गुप्ता (पूर्व मंत्री) |
| गुरुग्राम | नरेंद्र गुप्ता, राहुल राणा |
| नूंह | धुम्मन सिंह किरमिच |
| पलवल | रामअवतार वाल्मीकि |
| फरीदाबाद | सत्यप्रकाश जरावता, प्रवीन जैन |

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष का लोकतांत्रिक तरीके से चयन होता है। निकाय चुनाव के कारण संगठन विस्तार की प्रक्रिया रूक गई थी, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया है। रविवार को जिला अध्यक्षों के चयन के लिए प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन जमा कराए हैं। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गुरुग्राम के जमालपुर गांव पहुंचकर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री और अलवर से सांसद भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर अपनी शोक संवेदनाए व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री के पिता का शनिवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को पैतृक गांव जमालपुर में किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वर्गीय कदम सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री तथा उनके परिजनों से मुलाकात करके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### राणा ने सतपाल सांगवान के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि व पशुपालन विभाग के मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को चरखी दादरी में पूर्व मंत्री श्री सतपाल सांगवान के निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने उन के पुत्र व दादरी से विधायक सुनील सांगवान और उन के परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया।

## पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अटल किसान मजदूर कैंटीन का उद्घाटन किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को जिला पानीपत में अनाज मंडी मतलोडा मार्केट कमेटी में सरकार द्वारा चलाई जा रही अटल किसान मजदूर कैंटीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान पंचायत मंत्री ने मार्केट कमेटी के अधिकारियो व आढ़तियों, किसानों के साथ कैंटीन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर पंचायत मंत्री ने अटल किसान मजदूर कैंटिन के नियमानुसार 10 रुपये की पर्ची कटवा कर अनाज मंडी के आढ़तियों व किसानों के बीच बैठ कर खाना खाया ओर कहा कि खाना बहुत ही स्वादिष्ट बना है।

### जिला अध्यक्ष के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी

**पंचकूला।** पंचकूला के नये जिला अध्यक्ष पद की नामांकन प्रक्रिया जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा की मौजूदगी में संपन्न हुई। लगभग दो दर्जन पार्टी कार्यकर्ताओ ने जिला अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किये। नामांकन भरने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, जिला महामंत्री वीरेंद्र राणा, परमजीत कौर, प्रदेश पदाधिकारी वरिंदर गर्ग, जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता, जिला मंत्री राजेंद्र नोनीवाल, वरिष्ठ नेता अजय मित्तल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, वरिष्ठ नेत्री रंजीता मेहता, देशराज पोसवाल, भाग सिंह दमदमा के नाम प्रमुख रहे।

## बजट में किसानों को मिलेगी बड़ी सौगात : कृषि मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक देश है। भारत संतों व फकीरों का देश है। हमारे संतों व ऋषि मुनियों ने हमें जीवन जीने की पद्धति के रास्ते दिखाए हैं। कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा आज करनाल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रभु मिलन धाम शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन खुशी का दिन है। ऐसे संगतों में आकर व ऐसे संस्कारों से जुडक़र हमारा जीवन धन्य हो जाता है। हमें भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने के लिए इन्हीं संस्कारों का आचरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने भी कहा है कि राग द्वेष से ऊपर उठकर निष्काम भाव से कार्य करना चाहिए। वह दिन दूर नहीं जब भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलेगा।



## अवैध खनन पर शिकंजा, प्रशासन और खनन विभाग द्वारा 1392 वाहनों की चेकिंग, 30 के चालान किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

खनन एवं भू-विज्ञान विभाग महनिदेशक के.एम.पांडुरंग के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिला यमुनानगर में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा 1392 वाहनों की चेकिंग के दौरान 30 वाहनों के चालान कर 2 लाख 96 हजार का जुर्माना लगाया गया। खनन एवं भू-विज्ञान के प्रवक्ता ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 726 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा 6 वाहनों का चालान कर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 190 वाहनों की चेकिंग के दौरान 12 वाहनों का चालान कर 1 लाख 77 हजार का जुर्माना लगाया गया।

उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 326 वाहनों की चेकिंग के दौरान 6 वाहनों का चालान कर 19 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 150 वाहनों की चेकिंग के दौरान 6 वाहनों का चालान कर 60 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर दिन-रात चैकिंग की जा रही है।

**2 लाख 96 हजार रुपये का लगाया गया जुर्माना**



**कर रहे कार्रवाई**

प्रवक्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन-रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सडक़ों पर बिना ई-रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूल: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने अपने बयान में दावा किया कि सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का ढांचा बुरी तरह से चरमरा गया है, एक ओर जहां सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने की बात कर रही है वहीं प्रदेश के करीब 500 सरकारी स्कूलों में हजारों शिक्षकों की कमी है, पलवल, सिरसा, अंबाला और फरीदाबाद में शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। नियमित अध्यापक रखने के बजाए कम वेतन पर एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्तियां की जा रही है। यह सरकारी बेरोजगारों के साथ ही नहीं देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। दूसरी ओर सरकार शिक्षा विभाग के लगभग 5,000 नॉन टीचिंग स्टाफ के पद सहित कई पदों को खत्म करने की तैयारी कर रही है।

## सरकारी कामों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा : गंगवा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि सरकारी कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखें। यदि किसी स्तर पर सड़क निर्माण या अन्य कार्यों में लापरवाही पाई गई तो न केवल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी बल्कि संबंधित एजेंसी पर भी कार्रवाई निश्चित है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री श्री रणबीर गंगवा रविवार को हिसार में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निर्माण कार्यों की चेकिंग होती है ताकि जनता के पैसे का सही जगह व सही समय पर सदुपयोग करवाया जा सके।

## ईएचएमसीएचआर के चुनाव को कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) का चुनाव करवाने के लिए सोमवार को एक चुनाव कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस कमेटी में डॉ. सन्दीप सैनी, डॉ. संजय डागर, डॉ. जीएस चौहान को शामिल किया गया है। यह जानकारी ईएचएमसीएचआर के पूर्व चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 2025 को रोहतक में मतदान होगा। 20 मार्च से 24 मार्च तक नामांकन दायर किए जा सकेंगे। 27 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चुनाव के लिए हरियाणा को तीन जोन में बांटा गया है। इनमें पहला जोन–पंचकुला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, हिसार, फतेहाबाद। दूसरा जोन-करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, कैथल, जीन्द, झज्जर, भिवानी और तीसरा जोन–महेन्द्रगढ़, चरखी दादरी, रेवाड़ी, मेवात, पलवल, गुरुग्राम शामिल हैं। ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन पद, 2 वाइस चेयरमैन, 3 एग्जिक्यूटिव चेयरमैन, एक रजिस्ट्रार, एक सैक्ट्री और एक कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। इस चुनाव में सभी सदस्य बढ़चढ़कर भाग लें।



डॉ. विनोद खनगवाल

### कई अन्य कंपनियों के आला पदाधिकारियों ने भी की मुलाकात

# नई दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला मारुति सुजुकी का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रविवार को नई दिल्ली में मारुति सुजुकी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। गुरुग्राम और मानेसर के बाद, अब सोनीपत के आईएमटी खरखौदा स्थित मारुति सुजुकी के नए प्लांट में उत्पादन आरंभ हो गया है। प्लांट के चारों यूनिट बनते ही ये विश्व का सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उत्पादन संयंत्र बन जाएगा, जहां प्रति वर्ष 10 लाख कारें बनेंगी। प्रदेश सरकार हरियाणा में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सैनी से ऊनो मिंडा के चेयरमैन और एमडी निर्मल कुमार मिंडा, जेबीएम ग्रुप के चेयरमैन और एमडी एस.के. आर्य, फ्लिपकार्ट समूह में सरकारी मामलों के उपाध्यक्ष धीरज कपूर और निदेशक तुषार मुखर्जी और ट्रू हैबिटेट के संस्थापक श्यामरूप रॉय चौधरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर 17 मार्च को पेश होने वाले हरियाणा के बजट को लेकर चर्चा भी की। हरियाणा प्रमुख ऑटो हब बनकर उभरा है, जहाँ मारुति सुजुकी, होंडा, हीरो, सुजुकी मोटरसाइकिल, जेबीएम, और उनो मिन्डा जैसी प्रमुख ऑटोमोटिव कंपनियां स्थित हैं।



### लॉजिस्टिक्स हब बन रहा प्रदेश

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश लॉजिस्टिक्स हब के रूप में भी विकसित हो रहा है। एक ओर फ्लिपकार्ट पटली हाजीपुर, मानेसर में एशिया का सबसे बड़ा फुलफिलमेंट सेंटर स्थापित करने जा रहा है तो वहीं सरकार प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार राजधानी के निकट थोक व्यापार केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने दिल्ली इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से बातचीत की। जल्द ही राई (सोनीपत) में पहला थोक परिसर स्थापित किया जाएगा।

### एनएचएम कर्मचारी करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक जिला करनाल की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में पूरे हरियाणा से सभी जिलों के जिला अध्यक्ष,जिला मंत्री और प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में 23 मार्च के मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र घेराव के बारे में रणनीति बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया की 23 मार्च 2025 को हजारों की संख्या में एनएचएम कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र में रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के बारे में सरकार को अवगत करवाएंगे। 18 मार्च 2023 को भारतीय मजदूर संघ की अगुवाही में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी सभी जिला में जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री घेराव का ज्ञापन देंगे । प्रदेश महामंत्री जगत बिसला ने बताया की 15 अगस्त को 2024 को माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कच्चे कर्मचारियों के लिए एक एक्ट की घोषणा की थी।

## नियमितीकरण और वेतन सुधार की प्रतीक्षा में आरोही मॉडल स्कूलों के शिक्षक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के 36 आरोही मॉडल स्कूलों में कार्यरत 250 से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी नियमितीकरण और सातवें वेतन आयोग के लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सरकार द्वारा कई बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान मनोज कुमार के अनुसार, शिक्षक 2013 से अनुबंध पर कार्यरत हैं, और 2018 से स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया लंबित है। सरकार की ओर से कई बार शिक्षकों की फाइलें मंगवाई गईं और कमेटियां बनाई गईं, लेकिन हर बार मामला अटक गया। पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को शिक्षा विभाग में शामिल कर दिया गया है, लेकिन हरियाणा में प्रक्रिया लंबित है।

**ये हैं मांगें**




- नियमितीकरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए।
- सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान लागू किया जाए।
- महिला शिक्षकों को बाल देखभाल अवकाश और अन्य सुविधाएं दी जाएं।
- स्थानांतरण नीति लागू की जाए, ताकि शिक्षकों को अन्य सरकारी स्कूलों में स्थानांतरण का अधिकार मिले।

# मेट्रो के 5वें फेज में 18 कॉरिडोर पर बिछेगा 206.5 किलोमीटर लंबा ट्रैक

## बहादुरगढ़ से आसौदा तक तक विस्तार के लिए एचएमआरटीसी तैयार कर रही डीपीआर

## एनसीआर की लाइफ लाइन बनकर उभरी डीएमआरसी का नेटवर्क बढ़ाने पर फोकस

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली-एनसीआर के नागरिकों की भरोसेमंद सवारी के रूप में स्थापित हो चुकी डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल निगम) अब दिल्ली मेट्रो के पांचवें फेज पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके तहत फिलहाल कुल 18 मेट्रो कॉरिडोर पर 206.5 किलोमीटर लंबाई का ट्रेक बिछाने की योजना बनाई गई है। कुल 128 स्टेशनों का निर्माण प्रस्तावित है। इस फेज में ग्रीन कॉरिडोर पर बहादुरगढ़ से आसौदा तक (8 किलोमीटर) तक विस्तार के लिए एचएमआरटीसी डीपीआर तैयार करने में जुटा है। देश की राजधानी दिल्ली और समीपवर्ती गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, सोनीपत व बहादुरगढ़ तक यातायात को आसान बनाने और आवागमन करने वाली जनता की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए डीएमआरसी भी तैयारी कर रहा है। दिल्ली मेट्रो सिर्फ दिल्ली हीं नहीं, बल्कि एनसीआर की लाइफ लाइन बनकर उभरी है। फेज चार की परियोजनाएं पूरी होने के बाद एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 500 किलोमीटर के करीब पहुंच जाएगा। शहरी आबादी बढ़ने के साथ डीएमआरसी के लिए क्षमता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। मेट्रो के पांचवें फेज के तहत कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की योजना बनी है। शुरुआती तौर पर इस चरण में 115.7 एलिवेटिड और 88.8 अंडरग्राउंड ट्रेक बनाने की योजना है। इस फेज में 79 स्टेशन एलिवेटिड और 49 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन तैयार होंगे। डीएमआरसी के बिजनेस डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. प्रमित गर्ग ने शहरी विकास मंत्रालय के सहसचिव जयदीप को इस सिलसिले में 5 मार्च को पत्र लिखा है। पांचवें फेज के तहत 206.5 किलोमीटर लंबे 18 कॉरिडोर विकसित और एक्सटेंड करने की योजना है। पांचवें फेज को 2 चरणों में विभाजित किया गया है। तीन कॉरिडोर की डीपीआर सरकार को भेजी जा चुकी है, इन्हें पहले चरण में लिया जाएगा। जबकि शेष 15 दूसरे चरण में रहेंगे। फेज 5 के तहत डिटेल्ड प्रोजेक्टर रिपोर्ट तैयार करने के लिए सीएफए (सेंट्रल फाइनेंस असिसटेंस) ग्रांट करने की मांग भी डीएमआरसी द्वारा की गई है।



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 के निकट स्थित डीएमआरसी का डिपो।

### फेज-5 का पहला चरण

पहले चरण में इंद्रप्रस्थ से आरके आश्रम तक साढ़े 9 किलोमीटर लंबे सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर की डीपीआर 24 फरवरी 2025 को सौंपी जा चुकी है। एयरोसिटी से टर्मिनल-1 तक 2.3 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर की डीपीआर फरवरी-2024 में सौंपी जा चुकी है। तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक 4 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर की डीपीआर दिसंबर-2024 में सौंपी जा चुकी है।

### 10 कॉरिडोर का विस्तार

दूसरे चरण में सेंट्रल विस्टा से वसंत कुंज तक (14.5 किलोमीटर), यशोभूमि द्वारका से गुरुग्राम सुभाष चौक तक (17.5 किलोमीटर), शहीद स्थल नया बस अड्डा से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन तक (3 किलोमीटर), नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी से साहिबाबाद तक (5.1 किलोमीटर), वैशाली से मोहन नगर (5 किलोमीटर), समयपुर बादली से सिरसपुर और नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (11.6 किलोमीटर), द्वारका सेक्टर-21 से उद्योग विहार गुरुग्राम (11 किलोमीटर), गोकुलपुरी से डीएलएफ दिलशाल एक्सटेंशन-2 (12 किलोमीटर), राजा नाहर सिंह से पलवल (24 किलोमीटर) और बहादुरगढ़ से आसौदा (8 किलोमीटर) तक विस्तार की योजना है।

### 5 नए कॉरिडोर बनेंगे

पांचवें फेज के तहत मायापुरी से कश्मीरी गेट (12 किलोमीटर), सीजीओ कॉम्पलेक्स से सूर्य विहार फरीदाबाद (18 किलोमीटर), मयूर विहार फेज-3 से लोनी बॉर्डर (21 किलोमीटर), तुगलकाबाद से नोएडा सेक्टर-142 (15 किलोमीटर) और नजफगढ़ से नांगलोई (13 किलोमीटर) तक 5 नए कॉरिडोर का निर्माण होगा। नई लाइनों से सेवा की गुणवत्ता बढ़ने और कुशल सार्वजनिक परिवहन की बढ़ती मांग को पूरा करने की उम्मीद है। उम्मीद है कि दिल्ली मेट्रो का 5वां फेज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को कम करेगा।

# भूमि विवाद में फायरिंग बारह ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया उपमंडल के गांव बीराबंदी में पंजाब बॉर्डर पर रविवार को जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग हो गई। इस फायरिंग की घटना में एक दर्जन ग्रामीणों के घायल होने का समाचार है, जिनको पंजाब के सरदूलगढ़ के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस दौरान हुए झगड़े में जमीन का कब्जा लेने आए हमलावरों की दो गाडिय़ों व आधा दर्जन बाइक को भी ग्रामीणों ने तोड़ डाला। हमलावर अपनी जान बचाने के लिए खेतों के रास्ते फरार हो गए। सूचना मिलने पर सदर थाना रतिया अध्यक्ष राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर हमला करने वाले लोगों की धरपकड़ करनी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव बीराबंदी में हिंगना रोड पर पंजाब बॉर्डर के पास लोहागढ़ के कुछ लोगों की ढाणी बनी हुई है। बताया गया है कि इस ढाणी के पास कुछ एकड़ जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा था। इसको लेकर रविवार को दो गाडिय़ों व आधा दर्जन बाइक पर सवार होकर दर्जनों लोग ढाणी में पहुंचे और उन्होंने खेत में काम कर रहे लोगों को वहां से चले जाने को कहा। बताया गया है कि इस जमीन पर कब्जा करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि कब्जा लेने आए लोगों ने फायरिंग कर दी।

- ग्रामीणों ने हमलावरों की दो गाड़ियों व छह बाइकों को क्षतिग्रस्त किया
- गोली लगने से घायल लोग अस्पताल में उपचाराधीन

### ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी फरार

जब गांववासियों ने फायरिंग की आवाज सुनी तो सैकड़ों की संख्या में गांववासी मौके पर पहुंचने लगे। गांववासियों को मौके पर आता देख हमलावर खेतों के रास्ते भाग गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने हमलापुर की दो गाडिय़ों व आधा दर्जन मोटरसाइकिलों में भी तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार हरनाम सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरदास सिंह, जसपाल सिंह, गुरमीत सिंह, लखबीर सिंह, अंग्रेज सिंह, संदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, मलकीत सिंह, मनप्रीत कौर गांव लोहगढ़ व हमराज सिंह निवासी फाजिल्का को घायल होने पर सरदूलगढ़ हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया जहां से दो लोगों को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों सहित तीन युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** जिला पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने 3 अलग-अलग मामलों में आरोपी अमित, सागर व मुस्ताक को गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टे, 1 जिंदा कारतूस व एक बटनदार चाकू बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 मार्च को क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अमित हाल निवासी लाल कुआं पुल प्रहलादपुर नई दिल्ली को डबुआ चौक व सागर निवासी बल्लभगढ़ को सेक्टर-2 बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया। अमित के पास से बटनदार चाकू तथा आरोपी सागर से देसी कट्टा बरामद हुआ।वहीं क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने मुस्ताक वासी गांव धादूका जिला नूंह को देसी कट्टा सहित गांव सिकरोना एनआईटी फरीदाबाद से काबू किया है।

### बस में चाकू घोंपने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने बाईपास रोड सेक्टर 37 पर चाकू से गोंदकर दीपक की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ओम चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च को आकाश निवासी मोलडबंद दिल्ली की शिकायत पर उसके भाई दीपक की हत्या करने के संबंध में थाना सराय ख्वाजा में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए थे कि 14-15 मार्च की रात को उसके भाई दीपक की बाईपास रोड सेक्टर 37 पर एक बस के अंदर चाकू से गोंदकर हत्या कर दी गई है।

### औद्योगिक नगरी में क्रिकेट का कुंभ आज से

**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में आगामी 17 मार्च से क्रिकेट के अर्धकुंभ का आगाज होगा। भूपानी स्थित विजय यादव क्रिकेट अकादमी पर आयोजित होने वाले द्वितीय ऑल इंडिया रावल कप ओपन एज क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली एनसीआर की कुल 12 टीमें शिरकत करेगी। इस आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेट कीपर विजय यादव ने बताया कि 12 टीमों को 4 पूल में डिवाईड किया गया है तथा प्रत्येक टीम अपने पूल में दो-दो मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का प्रथम सेमीफाईनल 1 अप्रैल को खेला जाएगा तथा सैकेण्ड सेमीफाइल 3 अप्रैल को खेला जाएगा व फाइनल पांच अप्रैल को होगा। टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

### गन कल्चर के गाने गलत दूसरों के भी बैन हों : मासूम

**जुलाना।** सरकार ने गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर एक्शन लिया है। गानों के बैन करने को लेकर क्षेत्र के ब्राह्मणवास गांव निवासी हरियाणवी गायक मासूम शर्मा का गन कल्चर के गाने बैन करने पर दर्द छलका है।



मासूम शर्मा ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर कहा कि गन कल्चर के गाने गलत हैं वो मानते हैं। अगर सरकार चाहती है कि ऐसे गाने न बने तो वह सरकार के साथ हैं लेकिन इस मामले में कार्यवाही बिना भेदभाव के होनी चाहिए। टारगेट करते हुए केवल उसके गानों को ही बैन किया जा रहा है। जबकि यू टयूब पर इस तरह के हजारों गाने हैं। यदि यही भेदभाव चलता रहा तो हरियाणी सोंग इंडस्ट्री बंद हो जाएगी और यहां का यूथ पंजाबी गाने सुनेगा। हरियाणा सरकार के पब्लिसीटि सेल से जुड़े एक अधिकारी पर आरोप लगाते हुए मासूम शर्मा ने कहा कि सरकार ने उच्च ओहदे पर बैठे एक व्यक्ति के कहने पर उनके सबसे ज्यादा हिट गानों को बैन करवाया जा रहा है। यह व्यक्ति हरियाणा के कलाकारों को आगे बढ़ते नही देख सकता।

### तीन माह पूर्व किया प्रेम विवाह युवक के परिजनों से मारपीट

**रेवाड़ी।** करीब तीन माह पहले शिव नगर की युवती से प्रेम विवाह करने वाले युवक के परिवार पर युवती के भाई व उसके साथियों ने हमला कर दिया। हमले में युवक के माता-पिता व दादी घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस बयान में फदनी निवासी मामन चंद ने बताया कि उसके छोटे बेटे अरुण कुमार ने शिव नगर की रहने वाली रितु के साथ गत वर्ष 9 दिसंबर को प्रेम विवाह किया था। इस शादी से लड़की के परिजन खुश नहीं थे। उसने आरोप लगाया कि उसकी पुत्रवधु का भाई रोहित स्विफ्ट कार लेकर अपने दो दोस्तों के साथ उसके घर आया। इसके बाद इन लोगों ने घर में तोड़फोड़ करते हुए उसके, उसकी पत्नी व मां के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने मदद के लिए पड़ोसियों को आवाज लगाई, तो तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग ले गए। इस हमले में वह तीनों घायल हो गए। पड़ोस के लोगों ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।




- शादी से लड़की के परिजन नाखुश थे
- पुलिस ने 3 के खिलाफ केस दर्ज किया

# दादरी में जोड़े का शव मिला, महिला का छत व युवक का रसोई के सामने

**पुलिस प्रेम प्रसंग सहित अन्य एंगल से कर रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

दादरी जिले के गांव हुई में एक घर पर प्रेमी जोड़े का शव मिला है। युवक का रसोई व महिला का शव छत पर मिला है। शव जहां से बरामद हुए, वह घर मृतक महिला शांति देवी का है। शव मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया। गांव हुई निवासी संदीप ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी शांति और दो बच्चों के साथ सो रहा था, जबकि उसके माता पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे उठा तो उसकी पत्नी शांति कमरे में नहीं थी और बाहर से कुंडी लगी हुई थी। जब उसने आवाज लगाई तो उसकी मां ने बाहर से कुंडी खोली तो वह बाहर निकला। इसके बाद वह रसोई की तरफ गया तो एक युवक की लाश पड़ी थी, लेकिन उसकी पत्नी दिखाई नहीं दी। जब मकान की छत पर गया तो उसकी पत्नी शांति भी मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतक युवक की पहचान भिवानी जिले के गांव ओबरा निवासी दीपक के रूप में हुई।


**बाढ़ड़ा।** मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी।

### प्राथमिक जांच में सुसाइड का मामला

जिस घर में शव मिले हैं वो मृतक महिला का घर है। युवक भिवानी जिले के गांव ओबरा का रहने वाला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला सुसाइड का लग रहा है, अब तक की जांच में सामने आया है कि प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने ये कदम उठाया है। वहीं मृतक महिला शांति देवी मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी और गांव हुई निवासी संदीप से वर्ष 2016 में शांति की शादी हुई थी, जिसके दो बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच सुसाइड और हत्या दोनों एंगल से कर रही है।

फोरेंसिक टीम ने रसोई से खाने की वस्तुओं का सैंपल लिए और दवाई का खाली पैकेट बरामद किया है।

# वीएलडीए ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** पशुपालन विभाग के वीएलडीए एवं खंड पशुधन विस्तार अधिकारी की लंबित मांगों को लेकर खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा मंत्री राजेश नागर को ज्ञापन देकर उनसे विधानसभा सेशन में पशु चिकित्सा एवं पशुधन विकास सहायक और खंड पशुधन विस्तार अधिकारियों की सरकार द्वारा स्वीकृत मांगों की अधिसूचना जारी करवाने के लिए आवाज उठाने की मांग की गई। ज्ञापन देते हुए डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह व सदस्य राजबेल देशवाल ने बताया की पशुपालन विभाग के वीएलडीए कर्मचारी एवं खंड पशुधन विस्तार अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर पंचकूला में पिछले 1006 दिन से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं हरियाणा सरकार ने मांगे स्वीकृत कर रखी हैं लेकिन विभाग के अधिकारी नोटिफिकेशन मैं बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

# डंकी रूट : विदेश में युवक को बंधक बनाकर 78 लाख रुपये ठगे

- यमुनानगर के युवक के साथ धोखाधड़ी
- यूएस भेजने के लिए पैसे लेकर गुयाना में बना लिया बंधक

**यमुनानगर।** शहर के ट्रांसपोर्टर के बेटे को विदेश में बंधक बनाकर 78 लाख रुपये वसूले जाने का मामला सामने आया है। ट्रांसपोर्टर अपने बेटे को यूएसए भेजना चाहता था मगर एजेंट ने उसके लड़के को गोहाना देश में भेज दिया। जहां उसके लड़के को बंधक बनाकर पैसे वसूले गए। बाद में ट्रांसपोर्टर ने आरोपियों को पैसे देने से मना कर दिया। जिस पर आरोपियों ने उसके लड़के से फोन पर बात करवानी बंद कर दी। परेशान होकर ट्रांसपोर्टर ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। जम्मू कॉलोनी निवासी अमृत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे हरमन सिंह को यूएसए भेजना चाहता था। इस दौरान उनकी मुलाकात बिलासपुर के गांव मारवा खुर्द निवासी अजय कुमार के साथ हुई। आरोपी अजय ने उसे कहा कि वह काफी युवाओं को विदेश भेज चुका है। जहां पर वह अच्छे पैसे कमा रहे हैं। उसने आरोपी पर विश्वास कर लिया। आरोपी ने उसके लड़के को यूएसए भेजने पर 28 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे 28 लाख रुपये व दस्तावेज दे दिए। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसके लड़के को मुंबई की फ्लाइट से यूएसए भेजा जाएगा। अगस्त 2024 को आरोपी ने उसके लड़के को मुंबई से गुयाना देश भेज दिया। आरोपी ने उसे बताया कि उसके लड़के को गुयाना से यूएससे भेजा जाएगा। आरोप है कि इस दौरान अजय ने अपने साथियों के साथ उसके लड़के को वहीं पर बंधक बना लिया।

**परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने अलवर के झरझिला में फरमाया सत्संग**

# भक्ति तो तप, त्याग, साधना और कठिन परिश्रम करने वाला भक्त ही कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भक्ति विरह और लग्न की है पाखंडों की नहीं। जो सच्चे मन से परमात्मा को याद करता है परमात्मा उसका है। भक्ति बहरूपिया नहीं कर सकता, भक्ति तो तप, त्याग साधना और कठिन परिश्रम करने वाला भक्त ही कर सकता है। यह सत्संग वचन राधा स्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने राजस्थान प्रांत के अलवर जिले के गांव झरझिला में स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि जिनका स्वयं पर यकीन विश्वास है वो दूसरे का यकीन कायम रख सकता है। आपका विश्वास आपके श्रम को सालों को महीनों में,महीनों को दिनों में और दिनों को पल में बदल सकता है। एकलव्य की प्रेरणा परोसते हुए हुजूर महाराज जी ने कहा कि पतिव्रता का एक ही धनी होता है। गुरु द्रोण की दुत्कार के बावजूद एकलव्य के मन में गुरु के प्रति लेशमात्र भी घृणा नहीं जन्मी बल्कि वो दुगने विश्वास से गुरु की भक्ति करने लगा। उसने अपनी आस्था से गुरु की मिट्टी की मूर्ति को भी जीवंत कर लिया। गुरु महाराज जी ने कहा कि जब तक आप सगुण रूप को महसूस नहीं करोगे तब तक निर्गुण की पूजा नहीं हो सकती। एकलव्य ने अपने गुरु के सगुण रूप को ही निर्गुण में इस प्रकार स्थापित कर दिया कि आज युग बदलने के बाद भी उसके शिष्यत्व को याद किया जाता है। गुरु महाराज जी ने कहा कि कलयुग सरल भक्ति का युग है क्योंकि इसमें संतों ने नाम भक्ति का मार्ग खोल दिया। संतमत गुरुमुखों का मत है।गुरुमुख्ता का अर्थ है कि अपना तन मन और धन गुरु को अर्पण करना। उन्होंने कहा कि वैसे भी इंसान का है भी क्या।सब कुछ परमात्मा से लिया और उसी को अर्पण कर देना ही हमारे जीवन का प्रमुख ध्येय होना चाहिए लेकिन हो इसके उल्टा रहा है।

- भक्ति विरह और लग्न की है पाखंडों की नहीं : परमसंत



### माता- पिता और गुरु ही परमात्मा के साक्षात रूप

उन्होंने कहा कि इस जग में माता- पिता और गुरु ही परमात्मा का साक्षात रूप हैं। मां बाप की इज्जत बड़े बुजुर्गों का आदर मान आपके संस्कार का चित्रण करते हैं। संतमत के बहुत पहुंचे हुए संत बाबा फकीरचंद का प्रसंग सुनाते हुए हुजूर महाराज जी ने कहा कि दुनियादारी के लोग संतों की बानी को नहीं समझते।बाबा फकीरचंद ने एक धन्याढ्य बीमार व्यक्ति से कहा कि क्या आप वो दोगे जो मैं आपसे मांगूंगा। व्यक्ति ये सोच कर हां नहीं भर पाया कि ये कहीं तेरे से तेरा धन ना मांग ले। फकीरचंद ने उसकी दुविधा पहचान ली और कहा कि अरे डरता क्यों है मैं तो तेरे से तेरी बीमारी मांग रहा था। हुजूर ने कहा कि जिस प्रकार बारिश अमीर गरीब का खेत नहीं देखती वैसे ही संत भी अपनी मौज बख्शते समय भेदभाव नहीं करते। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि सुधार के भी दो चरण है पहला संसारी जिसमें दान सेवा प्रेम परोपकार और परहित आते हैं जो आपके इस लोक को आनंदित करते हैं जबकि आत्मिक सुधार का आधार परमार्थ है और ये परलोक को सुधारता है।

# खाली प्लाट में कर रहा था अफीम की खेती, 182 पौधे बरामद



**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने गांव भड़ोलावाली में छापेमारी कर अफीम की खेती करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने मौके से अफीम के 182 पौधे बरामद किए है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण कुमार पुत्र ख्याली राम पूनियां निवासी भड़ोलांवाली के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली कि कृष्ण कुमार पुत्र ख्याली राम पूनियां निवासी भड़ोलांवाली ने गांव में स्थित अपने मकान के सामने एक प्लाट में अफीम के पौधे लगाए हुए हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम गांव भड़ोलांवाली पहुंची तो कृष्ण कुमार अपने मकान पर नहीं मिला। कुछ देर बाद वह अपने घर पहुंचा तो पुलिस ने उससे पूछताछ की। सूचना मिलते ही डीएसपी जगदीश काजला भी मौके पर पहुंचे व प्लाट से पौधे बरामद किए।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

पुलिस ने प्लाट से अफीम के कुल 182 पौधे बरामद हुए जिनका वजन 4 किलो 860 ग्राम था। पुलिस ने इन सभी पौधों को कब्जे में लेकर आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर थाना सदर फतेहाबाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नशीले पदार्थ की खेप के साथ तस्कर काबू



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गांजा सहित आरोपी चंदन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने 15 मार्च को गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर वंदन वासी जिला दामोह मध्यप्रदेश हाल ग्रीन फील्ड कॉलोनी को ग्रीन फील्ड कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 1.120 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसके खिलाफ थाना सुरजकुण्ड में विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह गांजा को दिल्ली से किसी अनजान व्यक्ति से 10 हजार रुपए मे खरीद कर लाया था, वह ग्रीन फील्ड कॉलोनी मे चौकीदारी का काम करता है, आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है, जिस पर हत्या व लड़ाई झगड़े के मामले मध्य प्रदेश में दर्ज है। जिसको पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### बैंक यूनियन की 24-25 मार्च को हड़ताल

**कोलकाता।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने कहा कि 24 और 25 मार्च को उसकी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। यूएफबीयू ने कहा कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांगों पर भारतीय बैंक संघ के साथ बातचीत में कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया। आईबीए के साथ बैठक में यूएफबीयू के सदस्यों ने सभी संवर्गों में भर्ती और पांच दिवसीय कार्य सप्ताह समेत कई मुद्दे उठाए।

### पीएम ने डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार के लिए चुने जाने पर आरबीआई की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 'डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार-2025' के लिए चुने जाने को 'सराहनीय उपलब्धि' बताते हुए कहा कि यह कामकाज के संचालन में नवोन्मेषण और दक्षता पर जोर देता है। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उसे ब्रिटेन में लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग द्वारा 'डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार-2025' के लिए चुना गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, "आरबीआई को प्रवाह और सारथी प्रणालियों सहित अपनी पहल के लिए पुरस्कृत किया गया है और मान्यता दी गई है। इन पहल को संस्थान की डेवलपर टीम द्वारा विकसित किया गया है। पुरस्कार समिति ने उल्लेख किया कि कैसे इन डिजिटल पहल ने कागज के उपयोग को कम कर दिया है, जिससे आरबीआई की आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाओं में बदलाव आया है। इस पोस्ट को 'टैग' करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल नवोन्मेषण भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है और अनगिनत लोगों को सशक्त बना रहा है।

# आरबीआई की मुद्रा प्रबंधन परियोजना के लिए ईआईएल मेकॉन और चार अन्य कंपनियां दौड़ में

भाषा ▸▸ मुंबई

■ नए बैंक नोट और सिक्के देश भर के 19 निर्गम कार्यालयों (आईओ) में प्राप्त होते हैं

देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की भविष्य की नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा प्रबंधन बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार की परियोजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) और मेकॉन के साथ-साथ चार निजी क्षेत्र की कंपनियां भी दौड़ में हैं। चार निजी कंपनियां- एक्सेंचर सॉल्यूशंस, कोलियर्स इंटरनेशनल (इंडिया) प्रॉपर्टी सर्विसेज, प्राइसवाटरहाउस कूपर्स और द बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (इंडिया) हैं। आरबीआई ने इससे पहले 'भारत में मुद्रा प्रबंधन अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए परामर्श और परियोजना प्रबंधन सेवाओं की खरीद' के लिए रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। केंद्रीय बैंक को 11 कंपनियों से जवाब मिले थे। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन करने के बाद आरबीआई ने कहा कि उसने प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के लिए छह कंपनियों को सूचीबद्ध किया है। ईओआई दस्तावेज के अनुसार, आरबीआई ने नए मुद्रा प्रबंधन केंद्रों के निर्माण, गोदाम स्वचालन की शुरुआत, सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों की स्थापना, एक भंडार प्रबंधन प्रणाली और एक केंद्रीकृत कमान केंद्र का प्रस्ताव रखा है।एनआईसी (चलन में मौजूद नोट) की वृद्धि दर में नरमी के बावजूद, निकट भविष्य में वृद्धि सकारात्मक बनी रहने की संभावना है। हालांकि, अगले दशक में इसकी गति धीमी रहने की उम्मीद है। बैंक नोट चार प्रिंटिंग प्रेस में छापे जाते हैं, और सिक्के चार टकसालों में ढाले जाते हैं। नए बैंक नोट और सिक्के देश भर के 19 निर्गम कार्यालयों (आईओ) में प्राप्त होते हैं।

### निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए तत्काल आधार पर बाजार की निगरानी आवश्यक: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिए बाजारों की तत्काल आधार पर निगरानी की वकालत की। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। उन्होंने बाजार में, विशेष रूप से नए उतरने वाले खिलाड़ियों के लिए समान अवसर की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री ने कहा, "कोई एकाधिकार नहीं होना चाहिए... निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से बाजार और अर्थव्यवस्था को लाभ होता है... व्यापार की स्वतंत्रता होनी चाहिए। एमएसएमई के महत्व को रेखांकित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आधार पर बाजार की निगरानी और विश्लेषण आवश्यक है। डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून के बारे में मंत्री ने कहा कि इसपर विचार-विमर्श चल रहा है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 653.96 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान दो वर्षों में सबसे तेज उछाल के साथ 15.26 अरब डॉलर बढ़कर 653.96 अरब डॉलर हो गया। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ पुनर्मूल्यांकन में भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान तीव्र वृद्धि का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया जा रहा है। जब उसने प्रणाली में तरलता बढ़ाने के लिए रुपए के मुकाबले डॉलर खरीदा था।

## भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं

# घरों की मांग मजबूत, मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी कीमतें : क्रेडाई

■ रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है। ईरानी ने एक बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था।





### घरों की मांग में सुधार होगा

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता।' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपत्ति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है। ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा।

### 1,000 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का फैसला

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि हम हरित रियल एस्टेट और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडाई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पटेल ने बताया कि क्रेडाई ने एसोसिएशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को 'अपग्रेड' (उन्नत) करने का फैसला किया है। क्रेडाई एक गैर सरकारी संगठन के साथ साझेदारी में इन 1,000 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगा और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी और आधुनिक शौचालयों की आपूर्ति का भी प्रावधान करेगा।

### सरकार दे रही बुनियादी ढांचे पर ध्यान

क्रेडाई के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर बहुत ध्यान दे रही है और इससे आवास, कार्यालय, मॉल और भंडार गृह सहित रियल एस्टेट के सभी क्षेत्रों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा हो रहे हैं। इस साल आवास मूल्य परिदृश्य पर ईरानी ने कहा, 'मैं कहता रहा हूं कि मूल्यवृद्धि डेवलपर के हित में बिल्कुल नहीं है। हम केवल मुद्रास्फीति से संबंधित लागत वृद्धि से बहुत खुश हैं।निश्चित रूप से कीमतों में मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आपूर्ति कम हो गई है। परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन से रियल एस्टेट डेवलपर्स के पास बेहतर लाभ मार्जिन होगा।

### अमेरिका में निवेश निर्णय में होगी देरी

नई दिल्ली। टाटा टेक्नोलॉजीज के अमेरिका में निवेश के निर्णय में देरी हो सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वारेन हैरिस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की शुल्क नीतियों को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दी सांपला सहकारी विपणन समिति लि. सांपला द्वारा सरसो खरीद होनी है। उसके लिए इच्छुक लेबर एजेंट/कान्ट्रेक्टर दिनांक 18.03.2025 तक दी सांपला सहकारी समिति के कार्यालय पुरानी अनाज मंडी सांपला में दोपहर 3 बजे तक आवेदन जमा करवा सकते है। आवेदक को लेबर व खरीद संबंधित पर्याप्त संसाधन होने अनिवार्य है। नियम व शर्तें आवेदन के समय दे दी जाएगी।

हस्ता/-प्रबंधक
दी सांपला सहकारी विपणन समिति लि. सांपला

**ई-नीलामी सूचना**

**अग्नि प्रभावित लगभग 40,000 कि.ग्रा. ऑफ बिल्डिंग, एफएफएफ इत्यादि तथा अग्नि प्रभावित फैब्रिक्स का स्टॉक**

इच्छुक बोलीदाताओं को "प्रति यूओएम" आधार पर "अग्नि प्रभावित लगभग 40,000 कि.ग्रा. ऑफ बिल्डिंग, एफएफएफ इत्यादि तथा अग्नि प्रभावित फैब्रिक्स का स्टॉक" के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. चिनार सिन्टेक्स लिमिटेड से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण प्लॉट नं. : 13 सेक्टर-21 औद्योगिक क्षेत्र, भिवानी में 17.03.2025 से 25.03.2025 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया 9215792930 पर श्री रणबीर सिंह अथवा 9467169169 पर श्री अशोक कुमार से सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 26.03.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया 7011830975 पर श्री नितिन से सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

**नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी दिल्ली-110085**

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 25.03.2025 है।**

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

**दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।**

**हमराज़ क्लीनिक**

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006

F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर



**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। कृष्णन ने यह बात अनुबंध निर्माण कंपनी जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कही। संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। श्रीपेरंबदूर में आयोजित इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, जेटवर्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक अमृत आचार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के अध्यक्ष जोश फॉल्गर ने भाग लिया।

# फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणा के बीच फरवरी के लिए थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका स्थानीय बाजार की रफ्तार को प्रभावित कर रही है। यह रुख जारी रहेगा। हालांकि, हालिया 'करेक्शन' के बाद मूल्यांकन में कमी, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद जैसे कारक बाजार के उतार-चढ़ाव पर कुछ अंकुश लगा सकते हैं। हालांकि, मौजूदा व्यापार को लेकर अनिश्चितताएं बरकरार हैं।'

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि कि बाजार कुछ उतार-चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में रहेगा। बाजार की दिशा वैश्विक रुख और अमेरिकी शुल्क नीतियों से तय होगी।'

**दी अटेली को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लिमिटेड अटेली**

**पुनः निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की अटेली मंडी में सरसों की खरीद के लिए कच्ची के कार्य के लिए लेबर की आवश्यकता है। जो कुशल लेबर ठेकेदार दी अटेली सहकारी विपणन समिति अटेली के माध्यम से ठेका लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 19.03.2025 को सुबह 10:00 बजे तक अपना आवेदन जमा करें। टेंडर फॉर्म प्रबंधक कमेटी के सामने सुबह 11:00 बजे खोले जाएंगे इच्छुक लेबर ठेकेदार/पैक्स/लेबर समिति किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय नई अनाज मंडी अटेली दुकान नंबर 32 दिनांक 18.03.2025 साय 5:00 बजे तक टेंडर फॉर्म तथा नियम व शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-प्रबंधक
दी. अटेली सहकारी विपणन समिति अटेली।

## राशिफल


**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।



**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।


**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

# भारत, चीन के व्यापार में दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धि

एजेंसी ▸▸ संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत और चीन ने 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार देखा। रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर 'आर्थिक मंदी की संभावना' की चेतावनी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट, जो मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है, ने कहा कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया, "विकासशील देशों, विशेषकर चीन और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ, जबकि कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ।" इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। साल 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए।

GST NO. 06AABAT0573H1ZM PH.01252-258737

**THE LOHARU CO-OP MARKETING SOCIETY L.T.D. LOHARU ANAJ MANDI LOHARU, LOHARU, DISTT. BHIWANI (HRY.)**

**सूचना**

दी लोहारू सहकारी विपणन समिति लि०, लोहारू रबी 2025-26 की फसल PSS के अंतर्गत समिति को सरसों की खरीद लोहारू, ढिगावा, बहल व जूई मंडी में सरकारी आदेशानुसार करनी हैं। उसके लिए समिति को लेबर समिति या लेबर ठेकेदार की आवश्यकता हैं। इच्छुक लेबर समिति या लेबर ठेकेदार जो हैंडलिंग का कार्य करना चाहता हैं वह समिति की दुकान न० 72 दोपहर 12:00 बजे तक दिनांकः 19.03.2025 को अपना आवेदन दे सकता हैं। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस को समिति के कार्यालय में देख सकता हैं। लेबर समिति को कार्य करने की प्राथमिकता दी जाएगी।

Sd/-Manager
The Loharu Co-op Marketing Socirty Ltd Loharu

## शब्द पहेली - 5807



**बाएँ से दाएँ**


1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5806 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



स्टार बल्लेबाज ने बीसीसीआई के नियम पर जताई निराशा

# कोहली ने कहा- दौरों पर साथ रहे परिवार कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन किया है। कोहली ने कि कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं।



### परिवार की भूमिका अहम

कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, 'लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।'

### तनाव से उबरने में मिलती है मदद

कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।'

### जिनका कोई लेना देना नहीं वो भी चर्चा में शामिल

कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह, 'मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, 'ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए'।''

### मुझे खेलना पसंद, कोई घोषणा नहीं कर रहा

कोहली ने कहा, 'घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है। मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं। आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी। शायद एक और महीना। शायद छह और महीने।

# न्यूजीलैंड ने टी20 में पाकिस्तान को 61 गेंद में नौ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च



न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किए गए हैं। सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं।

पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10.1 ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाए। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन ने आठ रन देकर तीन और जैकब डफी ने 14 रन देकर चार विकेट लिए।

## भारत ने 33 पदक के साथ खत्म किया अभियान

**नई दिल्ली।** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।



फुटबॉल

## भारत का लक्ष्य बिना गोल गंवाए मालदीव-बांग्लादेश को हराना



एजेंसी ▶▶| शिलांग

सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य यहां होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है।

भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की मेजबानी करेगा। इसके बाद 25 मार्च को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। दोनों मैच यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे, मेघालय की राजधानी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रही है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री 19 मार्च को मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करेंगे। झिंगन ने कहा, 'हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अच्छा नतीजा प्राप्त करना है क्योंकि इससे हमें एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छी शुरुआत मिलेगी और मुझे लगता है कि इससे पहले 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर और साथ ही मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच हमें तैयारी में बहुत मदद करेगा। हमारा लक्ष्य दो 'क्लीन शीट' (बिना गोल गंवाए) जीत हासिल करना है।' छेत्री (40 वर्ष) ने 2005 में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद जून 2024 में अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले लिया था।


- छेत्री का संन्यास से वापसी मैच 19 और 25 मार्च को भारत करेगा अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी

### कोच ने छेत्री को वापसी के लिए मनाया

*मुख्य कोच मनोलो मार्केज छेत्री को एक बार फिर भारत की जर्सी पहनने के लिए मनाया। मार्केज ने कहा, ''मैंने एआईएफएफ और बेंगलुरु एफसी से बात करके उन्हें फोन किया। मैंने सुनील से बात की और उन्हें बताया कि मैं उनसे क्या चाहता हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह 40 साल के हैं या नहीं। राष्ट्रीय टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अच्छी फॉर्म में हों।' भारत को 2027 एशियाई कप क्वालीफाइंग तीसरे दौर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है और केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करती है।*

## मीरा-सबालेंका में होगा इंडियन वेल्स का खिताबी महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स



रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। सबालेंका ने इस तरह से कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। एंड्रीवा ने टूर में अपनी जीत का सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है।

### मैकलारेन के नौरिस ने जीती आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री

**मेलबर्न।** मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने वर्षाबाधित आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीत ली जबकि रेडबुल के मैक्स वेरस्टाप्पेन मामूली अंतर से चूक गए। फेरारी के लिए पदार्पण करने वाले सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन निराशाजनक दसवें स्थान पर रहे। सत्र की पहली रेस 2010 के बाद पहली बार मेलबर्न में बारिश के बीच आयोजित की गई। वेरस्टाप्पेन पहला स्थान पाने से 0.865 सेकंड से चूक गए। मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। मैकलारेन ने आस्ट्रेलिया ग्रां प्री में 12वीं बार जीत दर्ज करके फेरारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा।



चिंतन

# आतंकवाद की वैश्विक राजधानी पाकिस्तान

आज पाकिस्तान अपना बोया ही काट रहा है। आतंकवाद और बगावत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान की नीति आतंकवाद को पालने-पोसने व अच्छे व बुरे आतंकवाद में फर्क रखने की रही है, नतीजा आज सामने है। एक तरफ जहां आतंकी गुट पाक फौज के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र के लिए लड़ाई लड़ रहे विद्रोही गुट पाक सेना को आर-पार की चुनौती दे रहे हैं। एक सप्ताह में दूसरी बार है जब बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) ने पाक फौज को निशाना बनाकर हमला किया है। बीएलए ने पहले ट्रेन को हाइजैक किया, उसके बाद अब आत्मघाती हमले से पाक सुरक्षा बलों पर हमला किया है। बीएलए पाक संघीय सरकार से आजादी की मांग कर रही है। इस वक्त पाकिस्तान में कई अलगाववादी गुट सक्रिय हैं, जिन्हें काबू करना पाकिस्तान सरकार व फौज के लिए भारी पड़ रहा है। जहां पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता है, वहीं देश के अंदर अनेक आतंकवादी, कट्टर इस्लामिक व अलगाववादी शक्तियां फन उठा रही हैं। पाक सरकार व पाक एस्टाब्लिशमेंट–फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की फंक्शनिंग में भारी अंतर व समन्वय की कमी के चलते अलगावादी शक्तियों को अवसर मिल रहा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, मुल्तान, पीओके व सिंध क्षेत्र में पाक एस्टाब्लिशमेंट के प्रति असंतोष है। आज पाकिस्तान जिस भी स्थिति में है, इसके लिए वह आतंकवाद पर अपनी नीति के कारण है। ऐसा लग रहा है मानो अब पाकिस्तान के लिए राष्ट्र के रूप में एक रह पाना मुश्किल है, बांग्लादेश की तारीख को बलूचिस्तान दोहरा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लैक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक बार फिर से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को आश्रय देने के नीतिगत पहलुओं को उजागर किया है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान से शांति की राह पर चलने और आतंकवाद छोड़ने की अपील करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आवाम की खुशी के खातिर भी कभी शांति की राह पर चलने का प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई। इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। अब दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। वह अपने पड़ोसी भारत व अफगानिस्तान के साथ हमेशा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। भारत ने पाक के आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है, पाक को चार बार भारत से जंग में करारी हार का सामना करना पड़ा है, इसके बाद भी सुधर नहीं रहा है। पाकिस्तान भारत से अलग ही इसलिए हुआ कि वह मुस्लिमों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाएगा, लेकिन पाकिस्मानी हुकूमत ने शांति व विकास के बजाय पड़ोसियों से संघर्ष व प्रॉक्सी जंग का रास्ता चुना, खामियाजा समूची पाकिस्तानी जनता भुगत रही है। वह आतंकवाद की वैश्विक राजधानी बन कर रह गया है। अनेक घोषित ग्लोबल आतंकवादी इस वक्त भी पाकिस्तान में हैं। भारत का रुख साफ है, पहले पाकिस्तान आतंकवाद बंद करे, फिर नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ वार्ता करेगी। पाकिस्तान को अपने यहां से भारत विरोधी आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। अभी संयुक्त राष्ट्र में भी पाक ने कश्मीर राग अलापा है, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

यह विधेयक सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है।

अंततः भारतीय शासन ने भी वर्तमान अमेरिकी शासन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रेरणा प्राप्त कर संसद के वर्तमान सत्र में 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' प्रस्तुत कर दिया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह किसी के भारत आगमन को रोकने नहीं बल्कि यहां के नियमों के अंतर्गत यहां आने के अभ्यास को क्रियान्वित करने के लिए लाया गया है। मूलतः इस विधि-व्यवस्था द्वारा शासन यह सुनिश्चित करेगा कि भारत में अवैध प्रलेखों-प्रपत्रों के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवास समाप्त किया जाए और उन्हें वापस वहीं भेजा जाए जहां से वे आये हैं।

यह विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, इत्यादि सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है, इस पर भलीभांति विचार-विमर्श नहीं हुआ और पारित करने से पूर्व इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाना चाहिए था। इस संदर्भ में विपक्षियों से प्रश्न है कि भारत हितैषी विधेयकों के पारित होने के बाद ही उनका विरोध मुखरित क्यों होता है। ऐसे विधान की प्रस्तावना से लेकर प्रक्रिया में निश्चित ही लंबा समय व्यतीत हुआ होगा। इस समयावधि में भी विपक्षी नेता अपनी आपत्तियां प्रकट कर सकते थे। विधान को कार्यकारी स्वरूप प्रदान करने वाले संबंधित मंत्रालय, मंत्री और कार्यकारी तंत्र के साथ समन्वय करके इसकी कमियों और निष्प्रभावी बिंदुओं की ओर ध्यानाकृष्ट करवा सकते थे। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अवैध आबादी उनका बड़ा वोट है और इसीलिए उनका विरोध भारत के हित में संबंधित विधान के गुण-दोषों पर यथोचित चर्चा करने की तुलना में इस कारण देश में होनेवाली अवैध आबादी की गोलबंदी से अपने राजनीतिक हितों के चोटिल होने के प्रतिकार में ही हो रहा है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अपनी-अपनी राजनीति का चाल-चरित्र मुस्लिम तुष्टिकरण तक सीमित कर दिया है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश और म्यामांर से घुसपैठ कर आए हुए कठमुल्लों की आबादी करोड़ों में पहुंच चुकी है। बंगाल में कठमुल्लों की अवैध घुसपैठ और आप्रवासन होते-होते एक-डेढ़ दशक से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। इस समयावधि में राजनीतिक स्वार्थ साधने के मकसद से ऐसी आबादी केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रही। राजधानी दिल्ली सहित भारत के अनेक प्रांतों में भी अवैध बांग्लादेशियों और म्यांमारियों की बड़ी आबादी झुग्गी-बस्ती डालकर रह रही है। ऐसी जनसंख्या को वोट बैंक बनाने के लालच में अधिसंख्य भारतीय राजनीतिक दलों ने अपने मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों को खूंटी पर टांग दिया है। दुनिया में



ऐसी अवैध जनसंख्या के बलबूते अपनी-अपनी राजनीतिक स्थापनायें कर चुके व करते रहे अधिसंख्य देशों के शासन ने अपने संरक्षण में चलाये जा रहे एनजीओ के माध्यम से इस जनसंख्या का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और जनसंचारिक संरक्षण किया है। भारत भी इस प्रसंग पर कांग्रेस के शासन में अमेरिका और यूरोपीय देशों की भांति अवैध आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का दंश सह चुका है और जिस-जिस प्रदेश में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और हिंदुओं के वोटों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दल विधायिकाओं में बहुमत के साथ उपस्थित हैं, आज वे संसद की राज्यसभा में अवैध घुसपैठ व आप्रवान के संदर्भ में पारित विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

हालांकि विधेयक की संपूर्ण विषय-सामग्री को इसका पूर्ण अध्ययन करने पर ही जाना जा सकता है, किंतु लेखक केंद्रीय शासन से यह अवश्य पूछना चाहेगा कि जब विधेयक अवैध घुसपैठ, आप्रवासन और नागरिकता के संबंध में है तो फिर दोषियों को सात वर्ष का कारावास और दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतने का दंड पर्याप्त नहीं है। यदि विपक्ष इस बिंदु पर अपना विरोध प्रकट करता तो देश के मूल नागरिक उनके विरोधी स्वर का अनुसमर्थन करते। यदि किसी या किन्हीं व्यक्तियों को घुसपैठ, अवैध आप्रवासन या अवैध नागरिकता के आरोप के बाद पकड़ा जाता है तो दंड यह होना चाहिए कि उनके पास उपलब्ध उनकी समस्त चल-अचल संपत्तियों को शासन अपने पास रखे और उन्हें तत्काल ही देश से बाहर करे। इस संदर्भ में शासन के स्तर पर एक त्वरित कार्यबल या प्रकोष्ठ गठित हो, जो दोषी घुसपैठियों, आप्रवासियों, नागरिकों को पंद्रह दिनों या एक महीने में वापस वहीं उसी देश भेजने का प्रबंध करे, जहां से वे आये थे। करोड़ों की संख्या में अवैध पाये जाने वाले बांग्लादेशियों, म्यांमारियों या किसी अन्य पड़ोसी देश के घुसपैठियों को कारावास में रखना तो भारतीय हितों पर कुठाराघात ही होगा। यदि ऐसे व्यक्तियों के पास कोई चल-अचल संपत्ति नहीं मिलती और इन्हें शासकीय व्यय पर कारावास में पाला-पोषा जाता है, तो इससे अवैध आप्रवासन विधेयक की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। पंगु भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत अवैध आप्रवासियों को कारावास देना अंततः भारतीय मूल नागरिकों द्वारा कर के रूप में शासन को दी जाने वाली धनराशि का अपव्यय ही सिद्ध होगा। यदि संबंधित विधेयक के पारित होने के बाद ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होने की शंकाएं हैं तो स्वयं केंद्रीय शासन को विधेयक पर पुनर्विचार करके इस पर समयोचित संशोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। यह विधेयक भारतीय गणतंत्र, शासन, मूल नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता हुआ तब ही प्रतीत होगा, जब इसके माध्यम से करोड़ों अवैध आप्रवासी बांग्लादेशियों, म्यांमारियों और अन्य देशों के वासियों को भारत से निकालकर वापस उनके देश में भेजा जाना सुनिश्चित हो। क्या इसके लिए केंद्रीय शासन तत्पर है? आप्रवासन की अवैध कुव्यवस्थाओं का चक्रव्यूह तोड़ पाने में वर्तमान केंद्रीय शासन कितना सफल होता है, यह तो आगामी दिनों में धरातल पर दिख ही जाएगा। इस ध्येय की सफलता हेतु शासन के सम्मुख प्रमुख चुनौती उन देशों को अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए मनाने की होगी, जहां के करोड़ों व्यक्ति अवैध ढंग से भारत में रह रहे हैं। क्या केंद्रीय शासन रणनीतिक कुशलता के साथ यह राजनीतिक कर्म कर पाएगा? इस संदर्भ में बड़ी व व्यापक शंका ये है कि जब अपने ही देश के विपक्षी राजनीतिक दल व इनके नेता, अवैध आप्रवासन को रोकने हेतु पारित विधेयक की नीतियों का विरोध कर रहे हों तो फिर इन पर अवैध आप्रवासियों के मूल देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या इस हेतु शासन की कोई पूर्वयोजना निर्धारित है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

स्लिमनेस
सोनम लववंशी



# युवाओं में मोटा समझने की मानसिकता निरर्थक

एक 18 वर्षीय लड़की की मौत... वजह? उसने खाना छोड़ दिया था। सुनने में यह जितना अविश्वसनीय लगता है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा भयावह है। केरल की श्रीनंदा, जो कभी खिलखिलाती जिंदगी जी रही थी, धीरे-धीरे खुद को खत्म करने लगी, मात्र इसलिए क्योंकि वह पतली दिखना चाहती थी। एनोरेक्सिया नर्वोसा, एक ऐसी बीमारी जिसमें व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पतला होने की कोशिश में खुद को भूखा रखने लगता है, उसका जीवन लील गई। उसका वजन घटकर केवल 24 किलो रह गया था। क्या यह महज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, या फिर एक बड़ी सामाजिक समस्या की भयावह तस्वीर? आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब ने 'परफेक्ट बॉडी' के नाम पर युवाओं के दिमाग में एक ऐसा डर भर दिया है, जो धीरे-धीरे उन्हें भीतर से खत्म कर रहा है। हर जगह एक ही संदेश- 'पतले रहो, सुंदर दिखो, नहीं तो तुम स्वीकार किए जाने के योग्य नहीं हो!' यह कैसा समाज बना रहे हैं हम, जहां खूबसूरती के पैमाने इंसान की सेहत और जिंदगी से बड़े हो चुके हैं? श्रीनंदा की मौत अकेली नहीं है। हजारों किशोर और युवा इस मानसिकता की गिरफ्त में आ चुके हैं। शोध बताते हैं कि एनोरेक्सिया नर्वोसा से जूझने वालों में से 5 से 10 प्रतिशत की जान चली जाती है। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि एक गंभीर मानसिक बीमारी है, लेकिन इसे लेकर जागरुकता इतनी कम है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को इसी तरह खोते रहेंगे? दरअसल, सोशल मीडिया, फिल्में, फैशन इंडस्ट्री, सब मिलकर एक आदर्श शरीर की परिभाषा बना रहे हैं, जिसमें 'स्लिमनेस' ही खूबसूरती और सफलता की पहचान है। लड़कियां खुद को बॉलीवुड की अभिनेत्रियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से तुलना करने लगती हैं, जो हमेशा पतली, टोंड बॉडी में नजर आती हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि इन तस्वीरों के पीछे कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एडिटिंग, फिल्टर्स और कभी-कभी खतरनाक डायटिंग भी होती है। जब एक किशोरी दर्पण में खुद को देखती है और उन 'आदर्श' छवियों से तुलना करती है, तो वह खुद को कमतर महसूस करने लगती है। फिर शुरू होता है खाना छोड़ने, अत्यधिक व्यायाम करने और खुद को तकलीफ देने का खतरनाक सिलसिला। क्या इसके लिए केवल सोशल मीडिया ही जिम्मेदार है? नहीं। समाज में बचपन से ही बच्चों को शरीर को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं, इतने मोटे मत बनो, पतले रहोगे तो अच्छे लगोगे। खासकर लड़कियों पर यह दबाव ज्यादा रहता है। परिवार, स्कूल, रिश्तेदार, हर कोई जाने-अनजाने ऐसी टिप्पणियां कर देता है, जो किसी के आत्मविश्वास को जड़ से हिला देती हैं। क्या किसी की सुंदरता को सिर्फ उसके वजन से मापा जाना चाहिए? डॉक्टरों के अनुसार, एनोरेक्सिया सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक बीमारी भी है। इसके शिकार लोग जरूरत से ज्यादा परफेक्शनिस्ट होते हैं, वे खुद को भूखा रखते हैं, शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, अंग काम करना बंद कर देते हैं, और धीरे-धीरे वे मौत के करीब पहुंच जाते हैं। समस्या की जड़ तक जाना जरूरी है। सबसे पहले, हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बॉडी पॉजिटिविटी को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति अपने शरीर को अपनाए, उसे प्यार करे, और अवास्तविक सौंदर्य मानकों के पीछे भागने के बजाय अपनी सेहत को प्राथमिकता दे। अभिभावकों की भी भूमिका अहम है। जब आपका बच्चा बार-बार अपना वजन तोलता है, खाने से बचता है, या अपने शरीर को लेकर असंतुष्ट दिखता है, तो यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि खतरे की घंटी हो सकती है। ऐसे में तुरंत उससे बात करें, उसे समझाएं कि असली खूबसूरती क्या होती है, और जरूरत पड़े तो मनोवैज्ञानिक मदद लेने से भी न हिचकिचाएं। मीडिया और विज्ञापन उद्योग को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वे चाहें तो सौंदर्य के असली मायने बदल सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री को भी समझना होगा कि हर शरीर खूबसूरत होता है और केवल पतलेपन को बढ़ावा देना खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनरियलिस्टिक बॉडी इमेज को प्रमोट करने वाले कंटेंट पर सख्ती की जानी चाहिए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ानी चाहिए ताकि बच्चे अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहें। अब समय आ गया है कि हम अपने बच्चों, अपने समाज और खुद को यह समझाएं कि असली खूबसूरती सिर्फ पतलेपन में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और खुशहाल मन में होती है? फैसला हमें करना है, कहीं बहुत देर न हो जाए।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सभी प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं ?



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

अब होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठे होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है। – *मनोज जोशी, दुर्ग*


### ट्रेंड

#### डिजिटल नवाचार



यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है, जिससे अनगिनत लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### जनता के बहुमूल्य सुझाव



दिल्ली बजट 2025-26 के तहत हमारी सरकार लगातार जनता के बहुमूल्य सुझाव ले रही है। मैं भरोसा दिलाती हूँ कि डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

#### सुख-समृद्धि की प्रार्थना



10 दिन की विपश्यना साधना के बाद परिवार सहित अमृतसर पहुंचा। श्री दरबार साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज जी के चरणों में सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

#### सॉफ्ट पावर का उदय



यह एक सच्ची सॉफ्ट पावर का उदय है और भारत एक प्रभावशाली अर्थव्यवस्था के रूप में जो दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत ने वेव्स शिखर सम्मेलन से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए 1 बिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


### ट्रंप ने 18वीं सदी का कानून लागू किया, जज ने रोका



निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और 'डेमोक्रेसी फॉरवर्ड' द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्रवाई करनी होगी।''

## ऑफ बीट

### रक्तदान से रक्त कैंसर होने का खतरा कम



रक्तदान को जिंदगी बचाने वाला कार्य माना जाता है लेकिन क्या रक्तदान करने से दाता को भी लाभ हो सकता है? लंदन में फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए शोध के अनुसार, बार-बार रक्तदान करने वाले लोगों में सूक्ष्म आनुवंशिक परिवर्तन हो सकते हैं जिससे रक्त कैंसर होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके साथ ही अनेक प्रमाण हैं कि नियमित रक्तदान से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है रक्त बनाने वाली हमारी स्टेम कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से उत्परिवर्तन होते हैं, इस प्रक्रिया को 'क्लोनल हेमेटोपोइसिस' कहते हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन ल्यूकेमिया जैसी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। हालांकि, फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए अध्ययन ने बार-बार रक्तदान करने वालों में एक दिलचस्प अंतर की पहचान की है। अध्ययन में 60-70 वर्ष के स्वस्थ पुरुष दाताओं के दो समूहों की तुलना की गई। एक समूह ने 40 वर्षों तक साल में तीन बार रक्तदान किया था जबकि दूसरे ने कुल मिलाकर केवल पांच बार रक्तदान किया था। दोनों समूहों में आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की संख्या समान थी लेकिन उनकी प्रकृति भिन्न थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा, दुनिया में आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संगठन नहीं, इसको समझना कोई आसान काम नहीं

# आरएसएस ने मुझे देश के लिए जीना सिखाया : मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लेक्स फ्रिडमैन के साथ लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि कि मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। अपनी आलोचना के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- मैं किसी भी तरह की आलोचना का स्वागत करता हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। आरएसएस के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्होंने ऐसे सम्मानित संगठन से जीवन के सार और मूल्यों को सीखा। उन्होंने कहा, "मुझे जीवन का उद्देश्य मिला। उन्होंने कहा कि बचपन में आरएसएस की शाखाओं में शामिल होना, उन्हें हमेशा अच्छा लगता था।

### इंटरव्यू में मोदी ने हर विषय पर खुलकर अपनी बात रखी

#### आरएसएस पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि आरएसएस में हमें जो मूल्य सिखाया गया, उनमें से एक यह था कि आप जो भी करें, उसे उद्देश्यपूर्ण तरीके से करें। आप पढ़ाई करते हैं, तो राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए पर्याप्त सीखने के लक्ष्य के साथ पढ़ाई करें। आप व्यायाम करते हैं, तो राष्ट्र की सेवा करने के लिए अपने शरीर को मजबूत बनाने के उद्देश्य से करें। यही हमें सिखाया गया था।

आरएसएस एक विशाल संगठन है। यह अब अपनी 100वीं वर्षगांठ के करीब है। ऐसा विशाल स्वयंसेवी संगठन शायद ही दुनिया में कहीं और मौजूद हो।

#### महात्मा गांधी पर

महात्मा गांधी सिर्फ 20वीं सदी नहीं हर सदी के महान नेता हैं। जहां तक मोदी का सवाल है मेरे पास एक दायित्व है। लेकिन दायित्व इतना बड़ा नहीं है जितना देश बड़ा है। मेरी ताकत मोदी नहीं, 140 करोड़ देशवासी हैं। मैं जहां भी जाता हूं, वहां मोदी नहीं जाता वहां 140 करोड़ लोगों का विश्वास जाता है। इसलिए मैं दुनिया के किसी नेता से हाथ मिलाता हूं तो मोदी हाथ नहीं मिलाता है।

मैं जहां भी जाता हूं, वहां मोदी नहीं जाता वहां 140 करोड़ लोगों का विश्वास जाता है। 140 करोड़ लोगों का हाथ होता है। ये सामर्थ्य मोदी का नहीं भारत का है।

#### चीन पर

राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति की वापसी देखी है। हम 2020 से पहले के स्तर पर स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। विश्वास में समय लगेगा, लेकिन हम बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संघर्ष के बजाय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। 21वीं सदी एशिया की सदी है।

दुनिया एक दूसरे पर निर्भर है। कोई भी देश अकेले नहीं खड़ा हो सकता। आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता शांति सहयोग और विकास का है।

#### गुजरात दंगों पर

मोदी ने कहा है कि गुजरात में 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों को लेकर एक झूठी कहानी गढ़ने का प्रयास किया गया था और केंद्र की सत्ता में बैठे उनके राजनीतिक विरोधी चाहते थे कि उन्हें सजा मिले, लेकिन अदालतों ने उन्हें निर्दोष साबित किया। यह धारणा गलत सूचना फैलाने का एक प्रयास था कि 2002 के दंगे गुजरात में अब तक के सबसे बड़े दंगे थे।

आप 2002 से पहले के आंकड़ों की समीक्षा करेंगे तो आप पाएंगे कि गुजरात में लगातार दंगे हुए। कहीं-कहीं तो लगातार कर्फ्यू लगाया जाता था।

#### अमेरिका पर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक साहसी व्यक्ति बताया, जिसने अपने फैसले खुद किए और जो अमेरिका के प्रति अटूट रूप से समर्पित रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं। उनके दिमाग में सुपरिभाषित कदमों के साथ स्पष्ट रोडमैप है।

#### क्रिकेट पर

अगर आप खेल की तकनीक के बारे में कहेंगे तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं। ये बात वही बता सकते हैं जो तकनीक के बारे में जानते हैं। वही बता सकते हैं कि किस प्लेयर की तकनीक अच्छी है और किसकी खराब। कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच एक मैच हुआ था। नतीजे इस बात को बता देते हैं कि कौन सी टीम बेहतर है। इससे हमें पता चलता है कौन बेहतर है।

मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं। ये बात वही बता सकते हैं जो तकनीक के बारे में जानते हैं। वही बता सकते हैं कि किस प्लेयर की तकनीक अच्छी है और किसकी खराब।

#### अपने बचपन पर

### हमारी मां और पिता बहुत परिश्रम करते थे

पीएम ने कहा कि मेरा जन्म गुजरात के वडनगर में हुआ। हमारा घर बहुत छोटा था। इस वक्त हम जहां बैठे हैं, वो तब भी बड़ी जगह है। मेरे घर में कोई खिड़की भी नहीं थी। हमने कभी गरीबी का बोझ फील नहीं किया। हमारी मां और पिता बहुत परिश्रम करते थे। पिता जी सुबह 4 बजे घर से निकल जाते थे। वे जो जूते पहनते थे, वो बहुत हार्ड होते थे। उनसे आवाज आती थी लोग आवाज सुनकर घड़ी मिला लेते थे। मैं स्कूल में कभी जूते पहनकर नहीं जाता था। मेरे मामा रास्ते में मिल गए, उन्होंने 12 रुपए के जूते खरीदकर दे दिए। जूते कैनवास के थे। उस पर दाग लग जाते थे। स्कूल से मैं चॉक के टुकड़े घर ले आता था, उन्हें घोलकर अपने सफेद जूतों पर पॉलिश कर लेता था। मेरे लिए वो बहुत बड़ी संपत्ति थी। मुझे कपड़े वगैरह भी ढंग से पहनने की आदत है, अब कैसे है पता नहीं लेकिन बचपन से थी। जो भी हो उसे ठीक से पहनूं। हमारे पास प्रेस कराने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। मैं तांबे के लोटे में गर्म पानी करके उसे चिमटे से पकड़कर कपड़ों में प्रेस कर लेता था। फिर स्कूल चला जाता था।

#### खेलों पर

### खेल आपको ऊर्जावान बना सकते हैं

मुझे लगता है कि खेलों में वह ताकत है कि वे पूरी दुनिया को ऊर्जावान बना सकते हैं। खेल भावना अलग-अलग देशों के लोगों को एकसाथ लाती है। मैं इसीलिए कभी खेलों को बदनाम होते नहीं देखना चाहता हूं। मैं हमेशा से ही खेलों का मानव विकास में बहुत बड़ा रोल मानता हूं। ये खेल लोगों को गहराई से जोड़ते हैं। अब सवाल है कि कौन अच्छा है और कौन बुरा। अगर आप खेल की तकनीक के बारे में कहेंगे तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं। ये बात वही बता सकते हैं जो तकनीक के बारे में जानते हैं। वही बता सकते हैं कि किस प्लेयर की तकनीक अच्छी है और किसकी खराब। लेकिन कई बार परिणाम उस खिलाड़ी के बारे में बोलते हैं। कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच एक मैच हुआ था। नतीजे इस बात को बता देते हैं कि कौन सी टीम बेहतर है।

### कौन हैं फ्रिडमैन

15 अगस्त 1983 को रूस के चकालोव्स्क में जन्मे फ्रिडमैन मॉस्को में पले-बढ़े। सोवियत संघ के बिखरने के बाद, 11 साल की उम्र में उनका परिवार रूस से शिकागो चला गया। उन्होंने इलिनोइस के नेपरविले में न्यूक्वा वैली हाई स्कूल में पढ़ाई की और ड्रेक्सेल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बी.एस. और एम.एस. की डिग्री हासिल की। उन्होंने ड्रेक्सेल से इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में पीएचडी भी की है। फ्रिडमैन को बायोमेट्रिक्स में पीएचडी के लिए गूगल कंपनी में काम मिल गया। लेकिन छह महीने बाद, उन्होंने नौकरी छोड़ दी। फिर बिग-डेटा एनालिटिक्स पर काम करने के लिए अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बतौर रिसर्च साइंटिस्ट जुड़ गए। एमआईटी में रिसर्च साइंटिस्ट के रूप में काम करते हुए फ्रिडमैन ने 2018 में अपना पॉडकास्ट शुरू किया। शुरुआत में इसका नाम द आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पॉडकास्ट रखा। बाद में 2020 में इसका नाम बदलकर द लेक्स फ्रिडमैन पॉडकास्ट कर दिया गया। 2025 में, इस चैनल के 45 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हो गए।

#### फुटबॉल पर

### मध्यप्रदेश के शहडोल में मिनी ब्राजील

यह बात सच है कि भारत के कई क्षेत्रों में फुटबॉल खेला जाता है। स्ट्रॉन्ग फुटबॉल कल्चर है। हमारी महिला फुटबॉल टीम अच्छा कर रही है। पुरुष टीम भी अच्छी तरक्की कर रही है। अगर हम इतिहास की बात करें तो 80 के दशक में मैराडोना का नाम उभरकर सामने आता है। हो सकता है कि उस पीढ़ी के लोग उन्हें एक हीरो के रूप में देखते हों। अगर आज की पीढ़ी की बात करोगे आप तो वो मैसी का नाम लेंगे। आपने पूछा तो मुझे एक दिलचस्प घटना याद आ रही है। हमारे देश में एक क्षेत्र है, जिसे मध्य प्रदेश कहा जाता है। यह भारत के मध्य में है। यहां एक जिला है शहडोल। वह एक आदिवासी जिला है और ज्यादातर आदिवासी आबादी है। मैं वहां गया तो एक बात ने मुझे बहुत प्रभावित किया। करीब 80 से 100 युवाओं ने स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म पहन रखे थे। कुछ इनमें से युवा थे और कुछ बूढ़े थे। मैं उनके पास गया और पूछा कि आप लोग कहां से हैं तो उन्होंने मुझसे कहा कि हम मिनी ब्राजील से हैं। मैं आश्चर्यचकित रह गया। मैंने उनसे पूछा कि ये मिनी ब्राजील क्या है। उन्होंने बताया कि हम अपने गांव को मिनी ब्राजील कहते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली जमानत को चुनौती दी गई है। याचिका पर अदालत में सुनवाई होगी। एजेंसी के वकील के अनुरोध पर अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी थी।

### कागजों पर चल रहे 219 मदरसों पर एफआईआर



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में जांच के दौरान 219 मदरसे कागजों पर चलते पाएजाने के बाद, जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला था कि 219 मदरसे सिर्फ कागजों पर चल रहे थे और उनका कोई अस्तित्व नहीं है। संचालकों पर केस दर्ज किए हैं।

### 'अभद्र टिप्पणी' कर फंसे प्रेमचंद का इस्तीफा

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में 'पहाड़-मैदान' को लेकर 'अभद्र टिप्पणी' करने के कारण पिछले तीन सप्ताह से विरोध का सामना कर रहे संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्रीप्रेम चंद अग्रवाल ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अग्रवाल ने यहां मुख्यमंत्री आवास में पुष्कर सिंह धामी से भेंटकर अपना इस्तीफा सौंपा। मुख्यमंत्री ने अग्रवाल का त्यागपत्र राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत) को भेज दिया।

### भाजपा ने यूपी के 72 जिला अध्यक्षों की सूची की जारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा ने बड़ी मशक्कत के बाद रविवार को 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी ने जातीय समीकरण के साथ विपक्ष के पीडीए फार्मूले के मात देने की कोशिश की गई है। महिलाओं की भागीदारी का भी ख्याल रखा। मंडल अध्यक्षों का चुनाव ही जनवरी में संपन्न हो।

---

#### संभल में मस्जिद विवाद

## शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई का काम शुरू

एजेंसी ▶▶ संभल



उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई का काम रविवार सुबह शुरू हो गया। शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर मामले में मस्जिद पक्ष के वकील शकील वारसी ने रविवार को बताया, संभल में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई का काम शुरू हो गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 मार्च को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को एक सप्ताह के भीतर मस्जिद की पुताई कराने का निर्देश दिया था।

#### हाईकोर्ट का आदेश

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद, एएसआई की एक टीम ने 13 मार्च को मस्जिद की पुताई के लिए जरूरी सामान और श्रमिकों की संख्या का आकलन किया था। शाही जामा मस्जिद प्रबंध समिति के सचिव मसूद फारूकी ने शनिवार को कहा था कि एएसआई की एक टीम ने दोपहर में मस्जिद आकर इस बारे में चर्चा की कि पुताई के काम में कितने श्रमिकों और सामग्री की जरूरत है।

#### चेन्नई आईआईटी में निर्माण चालू

## हाइपरलूप परियोजना दुनिया में सबसे लंबी होगी : वैष्णव

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में विकास के तहत महत्वाकांक्षी हाइपरलूप परियोजना में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी। शहर के संक्षिप्त दौरे पर आए रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने 15 मार्च को आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप परियोजना का निरीक्षण किया।

#### वीडियो साझा किया

हाइपरलूप परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक प्रौद्योगिकी चेन्नई स्थित 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री' में विकसित की जाएगी। रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैष्णव ने आईआईटी मद्रास परिसर में अपने दौरे का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, "एशिया में सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब (410 मीटर)... जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी होगी।" हाइपरलूप को परिवहन का पांचवा तरीका माना जाता है।

#### शाह का असम दौरा, पुलिस अकादमी का किया उद्घाटन

## मणिपुर-गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के डेरगांव में नव-निर्मित लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। यह अकादमी उन्नत प्रशिक्षण अवसंरचना और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। उन्होंने अकादमी के आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने लाचित बोरफुकन को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ असम की रक्षा की थी। शाह ने मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया। 167 करोड़ की लागत से निर्मित इस अकादमी के प्रथम चरण को राष्ट्र को समर्पित करते और द्वितीय चरण की आधारशिला रखते हुएउन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले पांच वर्षों में यह अकादमी भारत की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। उन्होंने इसे देश का शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने के लिए तीन चरणों में कुल 1,024 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई।

#### लाचित बोरफुकन की वीरता पर कोई पुस्तक नहीं

गृह मंत्री शाह ने कहा कि एक समय था जब उग्रवाद प्रभावित असम के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए अन्य राज्यों में भेजना पड़ता था, जबकि आज यह गर्व की बात है कि मणिपुर और गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने असम सरकार की सराहना की कि इस अकादमी को महान योद्धा लाचित बोरफुकन को समर्पित किया गया है। शाह ने कहा कि सात वर्ष की आयु में उन्होंने लाचित बोरफुकन की वीरता के बारे में पढ़ा था, लेकिन अपनी स्नातक तक की पढ़ाई के दौरान उन्हें इस महान योद्धा पर कोई और पुस्तक नहीं मिली।

#### सरकार के उठाए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया

उन्होंने पिछले 10 वर्षों में असम के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने बोडो, कार्बी, आदिवासी और उल्फा उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौतों, असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवादों के समाधान, अर्धचालक क्षेत्र में निवेश और एडवांटेज असम 2.0 पहल की सफलता का उल्लेख किया। 5.18 लाख करोड़ के निवेश समझौते जल्द से साकार होंगे। इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा 3 लाख करोड़ के बुनियादी ढांचा निवेश के साथ, अब कुल 8 लाख करोड़ का निवेश असम में रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा, जिससे उन युवाओं के लिए नौकरियों के द्वार खुलेंगे।

#### सीएम रेखा का अधिकारियों को खास निर्देश

## धूल मुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें, सरकार खुद रख रही इस पर 'गहरी' नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के तहत पूरे रिंग रोड को धूल मुक्त बनाने, सड़क किनारे डिवाइडर पर पेड़ लगाने और ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। सरकार ने उपायों की समीक्षा की है औरविभागों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

#### वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने पर किया मंथन

**शहर को प्रदूषण मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**



सीएम ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सड़कों के किनारे हरित पट्टी विकसित करके, आधुनिक तकनीकों से धूल को नियंत्रित करके इस पर सुधार करेंगे।

**प्रदूषण सोखने वाले पौधे लगाए जाएंगे :** सरकार ने एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए और अन्य संबंधित सड़क स्वामित्व एजेंसियों को सड़क के किनारे और डिवाइडर पर पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। सड़क के किनारे विशेष प्रदूषण सोखने वाले पौधे लगाए जाएंगे।

### येदियुरप्पा का दावा कर्नाटक में भाजपा की सरकार बनेगी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि राज्य में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल है और पार्टी जल्द ही सत्ता में आएगी। उन्होंने गुटबाजी को लेकर कहा कि हर किसी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और मतभेद भुलाना चाहिए। भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है। आने वाले दिनों में हम 100 फीसदी सरकार बनाएंगे।

### एनसीबी ने इंफाल व गुवाहाटी से 88 करोड़ की ड्रग्स जब्ती की



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इंफाल और गुवाहाटी जोन से 88 करोड़ की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की और अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया।शाह ने कहा है कि ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए एनसीबी को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि लगातार चलाए जा रहे अभियानों में ड्रग्स की तलाश जारी है। गृह मंत्रालय के अनुसार पहली कार्रवाई में 13 मार्च को सूचना के आधार पर एनसीबी ने इंफाल जोन के अधिकारियों ने लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन की पूरी तरह से टोह लेने के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में टूल बॉक्स/केबिन से 102.39 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की गोलियां बरामद कीं।

#### केदारनाथ में गैर-हिंदुओं का प्रवेश बैन होगा, भाजपा विधायक बोलीं

## ये लोग वहां पर मांस, मछली और शराब परोस रहे

एजेंसी ▶▶ केदारनाथ



धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश और गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। इस संबंध में केदारनाथ की भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने जानकारी दी है। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि कुछ गैर-हिंदू तत्व धार्मिक स्थल केदारनाथ धाम की पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग वहां मांस, मछली और शराब परोसने जैसे कामों में लिप्त हैं, जिससे धाम की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है।

#### नौटियाल ने कहा- पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे



#### प्रभारी मंत्री के साथ की थी बैठक

भाजपा विधायक नौटियाल ने कहा कि हाल ही में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस विषय पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की थी। बैठक में यह सुझाव आया कि गैर-हिंदू तत्वों द्वारा केदारनाथ धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

#### भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार

### किस-किस को वर्जित करेंगे: हरीश रावत



पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यह शिव भूमि है, उत्तराखंड ही नहीं। देशभर में एक तरफ द्वारका और पुरी में भगवान विष्णु विराजमान हैं। एक तरफ रामेश्वरम हैं, तो दूसरी तरफ उत्तराखंड में केदारनाथ-बद्रीनाथ हैं। जहां हर धार में देवालय है और हर नदी घाड़ में शिवालय है, वहां आप किस-किस को वर्जित करेंगे। और ये संकीर्णता क्यों?

#### बजरंग दल का अल्टीमेटम

## सरकार ने नहीं तो हम खुद हटा देंगे औरंगजेब की कब्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बजरंग दल ने महायुति सरकार से अपील की कि वह समय रहते औरंगजेब की कब्र को हटा दे। बजरंग दल ने अल्टीमेटम भी दिया है कि अगर सरकार ने नहीं हटाया तो फिर कारसेवा कर उसे हटाया जाएगा। नितिन महाजन ने कहा कि संभाजी नगर में जो कलंकित कब्र है। हम तो कलंकित ही कहेंगे। छत्रपति संभाजी महाराज के हत्यारे की कब्र है और वहां उसे पूजा जा रहा है। उसे हटाया जाए।

#### आज करेंगे निवेदन

नितिन ने कहा कि ये पूजा होने के बाद समाज का वैसा निर्माण होता है जब समाज को शौर्य के आधार पर प्रेरित करते हैं। अत्याचारी शासक की कब्र है जो हमें बता रहा है कि हमारी लाचारी थी। जो हिंदू समाज पर अत्याचार किए। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद उसे हटाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को 17 मार्च को निवेदन देने जा रही है। उसे नियमों के अुसार हटाया जाए।

## 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा

# नासा के फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों ने नए दल का अंतरिक्ष स्टेशन में स्वागत किया

## बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री तैनात होंगे

भाषा ▶▶| केप कैनवेरल

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है। विल्मोर ने रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन का 'हैच' खोला और इसके बाद एक के बाद एक चारों नए यात्री अंदर आए। अंतरिक्ष में पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए साथियों का स्वागत उनसे गले मिलकर और हाथ मिलाकर किया। विलियम्स ने 'मिशन कंट्रोल' से कहा, /"यह एक शानदार दिन था। अपने दोस्तों को यहां देखकर बहुत खुशी हुई।



### साथियों से मिली सुनीता, किया डांस

क्रू-10 की सफल डॉकिंग के बाद, जैसे ही सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोंर से बाकी अंतरिक्ष यात्री मिले तो दोनों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। अपने साथियों को देख दोनों ही बेहद खुश हुए और उनसे गले लग गए। सभी ने डांस किया और सेलिब्रेट किया। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा। अंतरिक्ष में जाने वाले सदस्यों में अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री एन मौक्केलन और निकोल आयर्स है, जापान के अंतरिक्ष यात्री तुकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव है।

### दो अमेरिकी व दो जापानी यात्री


क्रू-10 की सफल डॉकिंग के बाद, जैसे ही सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोंर से बाकी अंतरिक्ष यात्री मिले तो दोनों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। अपने साथियों को देख दोनों ही बेहद खुश हुए और उनसे गले लग गए। सभी ने डांस किया और सेलिब्रेट किया। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा। अंतरिक्ष में जाने वाले सदस्यों में अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री एन मौक्केलन और निकोल आयर्स हैं, जापान के अंतरिक्ष यात्री तुकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव हैं।

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी डील को रद्द करेंगे कनाडा के पीएम

**ओटावा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच



दूरियां बढ़ती जा रही हैं। कनाडा भी अमेरिका को सबक सिखाने की तैयारी में है। कनाडा एफ-35 फाइटर जेट की डील रद्द कर सकता है। कनाडा के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उस सौदे की समीक्षा कर रहा है, जिसमें अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदे जाने हैं। यह बात तब सामने आई है जब दो दिन पहले ही पुर्तगाल भी एफ-35 खरीदने की योजना की समीक्षा का ऐलान कर चुका है।

### जम्मू-कश्मीर में बस पलटी, 30 लोग घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार को एक मिनी बस के पलट जाने से 30 लोग घायल हो



गए हैं। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जम्मू-कश्मीर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर महिलाएं थीं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना तारा मोड़ के पास हुई जब बस राजौरी जिले के मुगला से रियासी के पौनी जा रही थी। इस दुर्घटना में 22 महिलाओं समेत 30 यात्री घायल हो गए।

---


## रायसीना डायलॉग : भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने किया ऐलान

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिर शुरू होगी मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एफटीए की घोषणा करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए खुश हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि, यह वार्ता साल 2010 में शुरू हुई थी और साल 2015 में रुक गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। जिसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के व्यापार को बढ़ावा देना था। लेकिन नौ दौर की वार्ताओं के बाद 2015 में ये चर्चा रुक गई थी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, दोनों देश भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हैं।' इस समझौते का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और बाजार पहुंच को आसान बनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी आज रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे | समारोह के मुख्य अतिथि होंगे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन



### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री 20 मार्च तक रहेंगे भारत की यात्रा पर

*यह घोषणा तब हुई जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की चार दिवसीय यात्रा (16-20 मार्च) पर आए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।*

### व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद हुआ फैसला

यह निर्णय भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की बैठक के बाद लिया गया। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को शामिल करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में लगातार काम किया है। आगे लिखा गया, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। यह अहम फैसला 16 मार्च, 2025 को भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक की दौरान लिया गया, जिसने दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की नींव रखी।

### एफटीए से क्या होगा फायदा?

व्यापार में बढ़ोतरी होगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। निवेश के नए अवसर बनेंगे और बाजार में कंपनियों को अधिक पहुंच मिलेगी। आपूर्ति श्रृंखला बेहतर होगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी।

### छह मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य अतिथि होंगे। नई दिल्ली में होने वाला यह आयोजन रायसीना डायलॉग का 10वां संस्करण होगा। इसका आयोजन 17-19 मार्च के बीच किया जा रहा है। चर्चा के छह मुद्दे होंगे। इनमें बाधित राजनीति, हरित विकल्पों का समाधान,




डिजिटल ग्रह, उग्रवादी व्यापारिकता, एक नई योजना के साथ विकास को फिर से लिखना-टाइगर स्टोरी तथा शांति में निवेश। इन तीन दिनों के दौरान 125 देशों के 3500 से ज्यादा प्रतिभागी संवाद में निजी तौर पर हिस्सा लेंगे। लाखों लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे।विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि रायसीना डायलॉग भू राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार रायसीना डायलॉग में 125 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

---

## हूतियों ने जवाबी हमले की दी धमकी

# यमन में अमेरिकी सेना के विमानों ने बरपाया कहर, अब तक 31 की मौत



एजेंसी ▶▶| सना

यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है और इन लोगों में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने रविवार को बताया कि रातभर हुए हमलों में 101 लोग घायल भी हुए हैं। मेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह 'पूरी ताकत से' हमले जारी रखेंगे।हूती विद्रोहियों ने पहले कहा था कि इन हवाई हमलों में कम से कम 18 आम नागरिकों की मौत हुई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हमारे बहादुर सैनिक अमेरिकी जलमार्गों, वायु और नौसैन्य संपत्तियों की रक्षा करने तथा नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके आकाओं और मिसाइल रक्षा तंत्र पर हवाई हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई भी आतंकी ताकत अमेरिकी वाणिज्यिक और पोतों को दुनिया के जलमार्गों पर स्वतंत्र रूप से आने-जाने से नहीं रोक पाएगी।

### ईरान ने मदद से किया इनकार

ईरान ने रविवार को फिर से इस बात से इनकार किया कि वह यमन के हूती विद्रोहियों को कोई मदद दे रहा है। यह बयान तब आया जब अमेरिका ने हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान को हूतियों की हरकतों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

---

## वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

# भारत को ईयू से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग

◆ *इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।

भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है।

जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के अवरोधों को हटाए।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने वित्तपोषण वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सितंबर के अंत तक सरकार को वित्तपोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिससे फिलहाल सरकारी शटडाउन का खतरा टल गया है और कांग्रेस में चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया है। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स के



बीच भी मतविभाजन दिख रहा था।। व्हाइट हाउस के प्रधान उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने शनिवार को सतत प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पिछले वर्ष की तुलना में गैर-रक्षा व्यय में लगभग 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कटौती की गई है।

## सरगना हाफिज का भतीजा था कताल

# कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हमला करने वाला अबू ढेर

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल पाकिस्तान में मारा गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित झेलम में शनिवार की रात अज्ञात बंदूकधारियों ने कतार को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भतीजा और संगठन का प्रमुख सदस्य कताल जम्मू-कश्मीर में कई हमलों का मास्टरमाइंड था। कताल ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इसकी लंबे समय से तलाश थी। बता दें कि 1



जनवरी 2023 को राजौरी के ढांगरी गांव में नागरिकों को निशाना बनाकर आतंकी हमला किया गया। हमले के अगले दिन एक आईईडी विस्फोट हुआ। हमलों में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एनआईए ने राजौरी हमले के मामले में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन की तीन पाकिस्तान स्थित हैंडलर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## चीन में युवाओं के इंटरनेट इस्तेमाल पर लगेगी रोक

# सरकार तय करेगी सोशल मीडिया पर कितना समय बिताएंगे युवक

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन में युवाओं के बढ़ते इंटरनेट और सोशल मीडिया उपयोग को लेकर सरकार सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। चीनी अधिकारियों का मानना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम से बच्चों की शारीरिक सेहत और पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

चीन की हाल ही में संपन्न हुई वार्षिक राजनीतिक बैठक में पूर्व बास्केटबॉल स्टार याओ मिंग ने एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें हर सेमेस्टर में एक दिन के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करने और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई थी। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग पर कड़े प्रतिबंध लगाने और हानिकारक ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण बढ़ाने



का सुझाव दिया गया था। 2024 के चीनी नव वर्ष के दौरान, टेनसेंट गेम्स ने 32 दिनों में कुल 15 घंटे गेम खेलने की सीमा तय कर दी थी। हालांकि, कई बच्चे इन प्रतिबंधों को वयस्कों के अकाउंट्स का उपयोग करके आसानी से बायपास कर लेते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मीडिया पेशेवर आ कियांग का मानना है कि सरकार के ये प्रस्ताव व्यवहारिक रूप से प्रभावी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या इंटरनेट की लत नहीं, बल्कि बच्चों पर पढ़ाई और माता-पिता की उम्मीदों का भारी दबाव है। कियांग के मुताबिक, जब तक ऑफलाइन जीवन में सुधार नहीं होगा, ऑनलाइन सीमाएं काम नहीं करेंगी।

---

## बांकेबिहारी मंदिर: ग्रीष्मकालीन समयसारिणी में बदलाव

# दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों और शयन करने के समय में परिवर्तन

एजेंसी ▶▶| मथुरा

जन जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के मंदिर में रविवार से दर्शनों की समयसारिणी बदल गई। इसके चलते ठाकुरजी के दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों व शयन करने के समय में परिवर्तन हो गया है। 16 मार्च को दूज तिथि से मंदिर में परिवर्तित होने वाली ग्रीष्मकालीन समयसारिणी के अनुसार ठाकुरजी के दर्शन सुबह 7:45 खुलेंगे व 7:55 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह में 11 से 11.30



बजे तक राजभोग धराया जाएगा तथा 11:55 बजे राजभोग आरती संपन्न होगी। उसके बाद करीब 1 घंटे तक अपने सेवायतों द्वारा इत्र से मालिश कराकर बांकेबिहारी आराम करेंगे। शाम की सेवा में 5:30 दर्शन खुलेंगे एवं 8:30 शयनभोग अर्पित होगा और रात्रि 9:25 बजे शयनभोग आरती के दर्शन होंगे।

### बांके बिहारी मंदिर में मनाई गई होली

इधर, होली के मौके पर देश-विदेश पहुंचे श्रद्धालुओं बांके बिहारी मंदिर में होली का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। श्रद्धालुओं ठाकुर जी पर पिचकारी से रंगों की बौछार की। इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रही।

## जेनेरेटर में हुआ ब्लास्ट और गुल हुई पूरे देश की बिजली

# पनामा में ब्लैकआउट के बाद पानी के लिए तरसे लोग

एजेंसी ▶▶| पनामा

मध्य अमेरिकी देश पनामा में रविवार को पूरे देश की बत्ती गुल हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार, ला चोरेरा थर्मोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट के एक जनरेटर में विस्फोट के बाद पनामा में पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। विस्फोट के कारण जनरेटर के अंदर आग लग गई। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो भी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जेनेरेटर के फटने के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए। इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाडक्ट्स एंड सीवर्स (आईडीएएएन) ने कहा कि ब्लैकआउट के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। मुलिनो ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया,

पनामा में धमाका तो अमेरिका में तूफान ने मचाई तबाही, लोग हो रहे परेशान | तूफान से कई स्कूल हो गए ध्वस्त, तीन लोग हुए लापता

### अमेरिका में भीषण तूफान, घरों के उड़े परखच्चे, 32 लोगों की मौत



***वॉशिंगटन।*** *अमेरिका के कई हिस्सों में आए भयनकर तूफान ने तबाही मचा दी है। कई राज्यों में स्कूल भी नष्ट हो गए हैं और अभी तक कम से कम 32 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी चलने से हाईवे पर हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने बताया, तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग लापता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने बताया, पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। इस बीच, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने जानकारी दी कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी चलने के कारण कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25